हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.8 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

14 एपीएल से बीपीएल राशनकार्ड में परिवर्तन...



20 ट्रैफिक चालान के नाम पर लूट, शहर कांग्रेस...




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो इब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय प्रायवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगाने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


# नर्सरी कक्षाएं बाहर, अब केवल पहली कक्षा में ही आरटीई के जरिए दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में दाखिले केवल पहली कक्षा में ही मिलेंगे। नर्सरी कक्षाओं को प्रवेश की दौड़ से बाहर कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से यह नई व्यवस्था लागू होगी। इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटें गरीब वर्ग के लिए आरक्षित रखी जाती हैं। नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 सहित पहली कक्षा में आरटीई के जरिए प्रवेश दिए जाते हैं। इन कक्षाओं में प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र आगे की पढ़ाई संबंधित निजी स्कूलों में ही जारी रखते हैं। आदेश के मुताबिक, अब गरीब छात्रों के पास केवल पहली कक्षा में ही दाखिले का अवसर होगा। अब तक पहली कक्षा सहित नर्सरी कक्षाओं में भी प्रवेश के लिए आवेदन करने का मौका आरटीई के अंतर्गत होता था। नर्सरी में मनचाहे स्कूल में दाखिला नहीं मिल पाने पर छात्र आने वाले वर्षों में अगली कक्षाओं के लिए आवेदन करने पात्र होते थे। अब यह विकल्प छात्रों के पास नहीं होगा।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश, नए सत्र से लागू होगी व्यवस्था

### एकरूपता लाने प्रयोग

किसी निजी विद्यालय में नर्सरी कक्षा से स्कूलिंग की शुरुआत होती है तो कहीं पहली कक्षा शुरुआती कक्षा होती है। जिस निजी विद्यालय में जो निजी कक्षा होती है, वे वहीं से आरटीई दाखिले की शुरुआत करते हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, एकरूपता लाने यह प्रयोग किया जा रहा है। आदेश के बाद अब सभी निजी विद्यालयों में पहली कक्षा से ही प्रवेश होंगे। निजी स्कूलों के समक्ष एक समस्या सीट संख्या को लेकर भी है। चूंकि आरटीई के लिए कुल सीटों का 25 प्रतिशत आरक्षित करना होता है, ऐसे में नर्सरी से पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को स्कूल से बाहर करना होगा अथवा पहली कक्षा की सीटें नर्सरी कक्षा से 25 प्रतिशत अधिक रखनी होंगी।




### पैसे बचाने नए नियम

निजी स्कूल आदेश जारी होते ही विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि शासन द्वारा पैसे बचाने यह नियम लाया गया है। निजी स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, यदि छात्र नर्सरी कक्षा से ही निजी स्कूल में अध्ययन करेगा तो शासन को नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 की फीस भी देनी होगी। शासन इसमें बचत करने के लिए नया नियम लेकर आ रही है। बाल्यावस्था की शिक्षा 3–6 वर्ष तक सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है, जहां भाषा, व्यवहार और सीखने की नींव रखी जाती है। आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग के बच्चे निजी स्कूलों में नर्सरी से पढ़ाई जारी रखेंगे, जबकि गरीब बच्चे सीधे पहली कक्षा में प्रवेश लेकर शैक्षणिक असमानता के शिकार होंगे। यह निर्णय बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ाएगा और ड्रॉप-आउट की आशंका को बढ़ावा देगा।

## जमीन का मामला बताया जा रहा, एक परिवार के खिलाफ गुंडागर्दी का आरोप

# धरमनगर में आधी रात जमकर उत्पात, हनुमानजी की प्रतिमा तोड़ी, गोठान तोड़ा, भीड़ ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के धरमनगर में आधी रात दर्जनभर लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने मोहल्ले में शासकीय जमीन पर बने चबूतरे पर स्थापित की गई भगवान हनुमान जी की मूर्ति को न केवल जेसीबी से तोड़कर हटा दिया, बल्कि यहां एक गो सेवक परिवार द्वारा अस्थाई रूप से बनाए गए झोपड़ीनुमा गोठान को भी जेसीबी से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इधर जेसीबी से तोड़फोड़ की आवाज सुनकर गो सेवक परिवार के सदस्य सहित अन्य मोहल्लेवासी जब बाहर ▶▶|शेष पेज 15 पर

### 35 साल पुराने चबूतरे पर दो दिन पहले की गई थी मूर्ति स्थापित

स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस जमीन पर चबूतरा बना हुआ है, वह 35 साल पुराना है। इस चबूतरे पर पीपल पेड़ लगा हुआ है। वार्ड पार्षद के सहयोग से हाल ही में इस चबूतरे का जीर्णोद्धार किया गया था। जीर्णोद्धार के बाद यहां हनुमान जी की दो दिन पहले मूर्ति स्थापित की गई है। इस मूर्ति की विधिवत रूप से प्राण-प्रतिष्ठा करने के लिए मोहल्लेवासियों ने 16 दिसंबर को अनुष्ठान कार्यक्रम भी रखा था। इसके लिए तैयारियां भी की गई थीं, लेकिन इससे पहले ही हनुमान जी ▶▶|शेष पेज 15 पर



### मामले को जांच में लिया है

शिकायत पर एफआईआर कर मामले को जांच में लिया गया है। विडियो फूटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

**- दौलतराम पोर्ते,** एएसपी

### अस्थाई गोठान को किया क्षतिग्रस्त, गाय के दो बछड़े लापता

आरोपियों ने उत्पात मचाते हुए यहां अस्थाई गोठान को भी नहीं छोड़ा। आरोपियों ने झोपड़ीनुमा बने गोठान को भी जेसीबी से पूरी तरह से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस झोपड़ी को जब तोड़ा गया, उस समय उसके अंदर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक मवेशी भी थे, जिनमें करीब आधा दर्जन बछड़े थे। आरोपियों ने गोठान को तोड़ने के पूर्व सभी मवेशियों को भी बाहर नहीं निकाला, जिसके कारण कई मवेशियों को चोटें आई हैं, वहीं दो बछड़े गायब भी हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि तोड़फोड़ के दौरान उन बछड़ों की मौत हो गई होगी, जिनके शव को आरोपियों ने कहीं फेंक दिया है या दफना दिया है। इस आशंका पर पुलिस ने घटना स्थल पर जेसीबी मशीन से कुछ जगहों को खोदकर शव को ढूंढने का प्रयास भी किया, लेकिन शव नहीं मिले।

### उत्पात मचाने वालों में एक पुलिस कर्मी

उत्पात मचाने वाले आरोपियों का वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ नकाब पहने हुए हैं, वहीं कुछ लोगों के चेहरे दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में एक पुलिस कर्मी भी दिखाई दे रहा है। इस पुलिस कर्मी को स्थानीय लोगों ने 112 पेट्रोलिंग वाहन में ड्यूटी करते कई बार देखा है। लोगों का आरोप है कि कुछ पुलिस कर्मियों के संरक्षण में इस पूरी घटना को अंजाम दिया गया है।

### जमीन मामले को लेकर मचाया उत्पात

वार्ड पार्षद बद्रीप्रसाद गुप्ता, प्रत्यक्षदर्शी राजेश सोनी सहित मोहल्ले के अन्य रहवासियों ने बताया कि गुंडों द्वारा उत्पात मचाने के पीछे का कारण जमीन है। जिस शासकीय जमीन पर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई थी, उस खाली जमीन का लगभग आधा हिस्सा रजिस्ट्री वाला है, जो पारख परिवार के नाम पर दर्ज है, लेकिन उनकी जमीन मुख्य रोड तरफ की है, जबकि कालोनी के अंदर तरफ की जमीन नजूल है। इस नजूल जमीन पर पारख परिवार के लोग कब्जा करना चाहते हैं। इससे पूर्व भी इस जमीन पर कब्जा किए जाने का प्रयास उनके द्वारा किया जा चुका है, लेकिन मोहल्लेवासियों के विरोध के कारण जमीन पर कब्जा नहीं कर पाए थे।

### जमीन पर मंदिर न बन जाए यह सोचकर तोड़फोड़ की

गो सेवक राजेश सोनी और उसके परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि पारख परिवार के किसी सदस्य ने जमीन पर मंदिर बनने से कब्जा करने का सपना टूटते देखकर इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सुबह के समय एक आदमी उनके मोहल्ले पहुंचा था और मंदिर में स्थापित की गई हनुमान मूर्ति को किसने स्थापित कराया है, इस संबंध में पूछताछ कर रहा था। इसी रात को यह पूरी घटना हुई है, जिससे उन्होंने इस घटना के पीछे उसी परिवार के लोगों का हाथ होने की संभावना जताई है।

## इंडिगो संकट के बाद अब धुंध... एयर इंडिया की एक और इंडिगो की दो फ्लाइट कैंसिल, हैदराबाद वाली भी नहीं उड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में कोहरे के असर से दूसरे दिन भी विजिबलिटी कमजोर होने की वजह से कई फ्लाइट को उड़ान भरने की परमिशन नहीं मिली। इसके प्रभाव से सुबह साढ़े आठ बजे रायपुर आने वाली एयर इंडिया के साथ इंडिगो की सुबह पौने नौ और रात साढ़े नौ बजे आने वाली फ्लाइट रद्द रही। धुंध के प्रभाव से हैदराबाद से रायपुर आने वाली फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। कुछ विमानों का संचालन देर से हुआ, जिससे ठंड के मौसम में यात्रियों को सफर में दिक्कत उठानी पड़ रही है।

- कुछ फ्लाइट का संचालन देर से हुआ, ठंड के मौसम में सफर में हो रही दिक्कत

मंगलवार को विमानों के रद्द और विलंब होने की प्रक्रिया जारी रही। दिल्ली की दृश्यता काफी कमजोर होने की वजह से वहां के एयरपोर्ट से विमानों के संचालन की अनुमति नहीं दी गई थी। सुबह काफी देर उजाला होने के बाद विमानों का संचालनन शुरू हुआ। तब ▶▶|शेष पेज 15 पर

### होटलों में गुजारनी पड़ी रात

*सोमवार को रात 11 बजे इंदौर की फ्लाइट स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंची थी। इस विमान के आने की सामान्य टाइमिंग शाम सवा 6 बजे है। देर रात फ्लाइट के रायपुर आने की वजह से उन यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिन्हें एयरपोर्ट से निकलकर अन्य साधनों से दूसरे शहर जाना था। ऐसे यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद रात गुजारने के लिए होटलों में जाकर पैसे खर्च करने पड़े।*

### मुंबई वाली हुबली होकर आई

*सूत्रों के मुताबिक मुंबई से रायपुर के बीच संचालित होने वाली सुबह आठ बजे की फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर रायपुर पहुंच गई। यह एयरक्राफ्ट सुबह अपने निर्धारित समय पर जब मुंबई से उड़ा था, तो किसी तकनीकी वजह से उसे हुबली (कर्नाटक) एयरपोर्ट ले जाया गया था। वहां कुछ देर रुकने के बाद उसे रायपुर लाया गया। हालांकि इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं हो पाई है।*

### जीआरपी का बदलेगा ठिकाना

## प्लेटफार्म किनारे अस्थाई थाना बना सुरक्षा का सिरदर्द, हर वक्त अलर्ट रहने की चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन में तब्दील करने का कार्य तेजी से जारी है। गुढ़ियारी साइड में निर्माण और तोड़फोड़ के कारण अब जीआरपी थाना हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थाने को प्लेटफार्म नंबर-1 पर अस्थाई रूप से शिफ्ट किया जाएगा, जहां इसी माह के अंत तक पूरा संचालन शुरू हो जाएगा। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि नया अस्थाई थाना पहले के मुकाबले काफी छोटा है। दस्तावेज़, हथियार और अन्य ज़रूरी सामग्री रखने की पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण जीआरपी को कई संसाधन दूसरी जगह शिफ्ट करने होंगे। ▶▶|शेष पेज 15 पर

### पार्सल ऑफिस और गोदाम की तोड़फोड़ शुरू

रेलवे ने पार्सल ऑफिस और गोदाम को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। पार्सल कार्यालय को उसकी पुरानी जगह से हटाकर सामने अस्थाई स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है, जहां सीमित सुविधा के साथ फिलहाल संचालन हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, गोदाम को जेसीबी के जरिए तोड़ने के बाद अगला नंबर जीआरपी थाना का है। जीआरपी भवन के ध्वस्तीकरण के बाद ही स्टेशन को नए मॉडल के अनुरूप विकसित करने का कार्य शुरू होगा।रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह पूरा प्रोजेक्ट लगभग दो से तीन साल में पूर्ण होगा। निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों को कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन भविष्य में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्टेशन का अनुभव यात्रियों के लिए कहीं ज्यादा आरामदायक और सुविधाजनक होगा।

### महीने के अंत में थाना होगा शिफ्ट

प्लेटफार्म 1 में जीआरपी थाना महीने के अंत तक शिफ्ट कर दिया जाएगा, जिसका कार्य शुरु हो चुका है। जगह छोटी होने से सभी जरूरी दस्तावेज और आम्स नहीं आ पाएंगे इसलिए उन्हें सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा।

**- एसएन अख्तर**, डीएसपी, जीआरपी


सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर



बाजार मूल्य ₹ ~~299~~ प्रति पीस वाले
लेडिस जेगिंग्स
प्लेन एवं प्रिंटेड
2 पीस ₹99 में 2 पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

रायपुर | बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी
न्यू राजेन्द्र नगर • मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी • गली नं. 2, कटोरा तालाब


*condition apply

# "24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता"

हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है !ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है !हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है !24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है !इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है ! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है ! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है !आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है !यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं! भविष्य की ओर देखते हुए इस समाचार पत्र हरिभूमि की सामने असीम संभावनाएँ हैं! डिजिटल प्लेटफॉर्म पर और अधिक प्रभावशाली उपस्थिति, खोजी पत्रकारिता को नई ऊँचाई, युवाओं की आवाज़ को सशक्त मंच, और जनहित के मुद्दों पर निरंतर अभियान, ये सभी क्षेत्र इस समाचार पत्र को अगले चरण में और मजबूत बना सकते हैं !तकनीक और मूल्यों का संतुलन बनाए रखते हुए यदि यह अखबार आगे बढ़ता है, तो निस्संदेह आने वाले वर्षों में यह पत्रकारिता का एक मानक स्थापित करेगा !24 वर्षों की यह यात्रा यह सिखाती है कि यदि उद्देश्य साफ हो, नीयत ईमानदार हो और कलम में सच्चाई की ताकत हो, तो कोई भी बाधा मार्ग नहीं रोक सकती है और हरिभूमि समाचार पत्र ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि जिम्मेदार पत्रकारिता आज भी संभव है और समाज को दिशा दे सकती है !इस गौरवपूर्ण अवसर पर पुनः हरिभूमि समाचार पत्र परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ! मेरी कामना है कि यह समाचार पत्र आने वाले वर्षों में भी सच, साहस और संवेदनशीलता के साथ समाज को जागरूक करता रहे और पत्रकारिता के मूल मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाता रहेगा और समाचार पत्र की सफ़र में मील का पत्थर साबित होगा !हरिभूमि समाचार पत्र के विश्वास की यह यात्रा अनवरत चलती रहे इन्हीं शुभकामनाओं के साथ...



डॉ. सूर्य प्रताप राव रेपल्ली



















# अपडेट होगी सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी जैसी जांच सुविधाएं, जहां कमी वहां पीपीपी मोड पर संचालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर


हरिभूमि सरोकार

लगातार उपयोग की वजह से मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों में पुरानी हो चुकी सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी जैसी जांच मशीनों को अपडेट करने की फाइल एक बार फिर खुलने की संभावना है। रेडियो डायग्नोसिस से संबंधित सुविधाओं को अपडेट करने वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कमी को सुधारने का प्रयास होगा और जहां संसाधनों की ज्यादा कमी होगी, वहां पीपीपी मोड पर सुविधा का संचालन किया जाएगा।

## मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों से चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मांगी जानकारी

### पीपीपी मोड पर डीके हास्पिटल की जांच

वर्तमान में डीके हास्पिटल में रेडियोडायग्नोसिस की सुविधाएं पीपीपी मोड पर संचालित होती है। यहां मरीजों की जांच के अलावा मशीनों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित संस्था उठाती है। चौबीस घंटे जांच की सुविधा होने के कारण यहां मरीजों को अपनी जांच के लिए एक दिन से ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ता। यहां अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ बाहरी मरीजों को भी जांच की सुविधा दी जाती है, जबकि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में जांच दो शिफ्टों में होती है, जिससे मरीजों को वेटिंग मिलती है।



### आंबेडकर अस्पताल में नई मशीन का इंतजार

आंबेडकर अस्पताल में एमआरआई, सीटी स्कैन सहित अन्य मशीनों से जांच का काम काफी सालों से किया जा रहा है। कई बार मशीनों के बिगड़ने की बात भी सामने आती है। राज्य शासन द्वारा अपने बजट में दोनों तरह की नई मशीन खरीदने का प्रस्ताव मंजूर किया है। वित्तीय मंजूरी जैसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, मगर खरीदी का काम शुरू नहीं हो पाया है। यहां ओवरटाइम के माध्यम से मरीजों की वेटिंग को समाप्त किया गया है, मगर जरूरतों के हिसाब से टेक्निशियनों की कमी है।

### गैप जानने का प्रयास किया जा रहा

मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के विस्तार के लिए जरूरतों और उपलब्ध संसाधनों के गैप जानने का प्रयास किया जा रहा है। जहां ज्यादा कमी और दिक्कतें हैं, वहां जांच सुविधाओं को पीपीपी मोड पर दिए जाने का विचार किया जाएगा।

- रितेश अग्रवाल
आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा

राज्य में वर्तमान में दस शासकीय मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों में मौजूद सुविधा के आधार पर मरीजों का इलाज किया जाता है। किसी भी तरह की समस्या लेकर आने वाले मरीजों की सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी, एक्स-रे जैसी जांच महत्वपूर्ण होती है। अक्सर यह शिकायतें सामने आती है कि सुविधा नहीं होने की वजह से मरीजों को दूसरे अस्पताल जाना पड़ता है अथवा उन्हें अनावश्यक इंतजार करना पड़ता है।

इस तरह की समस्याओं को देखते हुए इन अस्पतालों के रेडियोडायग्नोसिस सेवाओं को अपडेट करने की योजना बनाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक तमाम कालेजों से मौजूदा संसाधनों और जरूरतों की जानकारी मांगी गई है। जहां संभावना बनती है वहां सुविधा बढ़ाकर मरीजों को राहत देने का प्रयास किया जाएगा।

---

### करंट लगने से श्रमिक की मौत, केस दर्ज

रायपुर। उरला पुलिस ने बिजली का करंट लगने से मौत के मामले में केस दर्ज किया है। घटना 12 अक्टूबर 2025 को नारायण रोलिंग मिल गुमा में घटी थी।

## निधन

### धर्मदास टेम्भेकर

रायपुर। भीमनगर निवासी धर्मदास टेम्भेकर (85) का 16 दिसंबर को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे महादेव घाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे उमेश टेम्भेकर, वंदना इंदुरकर, वनिता जांभुलकर के पिता और विवान और सोनाली के दादा थे।

### अरुण पांडेय

रायपुर। वरिष्ठ वास्तुविद अरुण पांडेय (67) का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर को जय श्मशान काली मंदिर न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सविता पांडेय के पति, सोनल दुबे, अंकित पांडेय के पिता, किरण शर्मा, डॉ. प्रभात पांडेय व शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य प्रकाश पांडेय के बड़े भाई थे।

---

### रायपुर स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में बिछाई गई है नई पाइपलाइन

# मोतीबाग और गंज पानी टंकी कमांड एरिया से अब सुबह-शाम नई पाइपलाइन से जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा राजधानी के मोतीबाग एवं गंज कमांड एरिया में प्रातः और शाम के समय जलप्रदाय नई पाइप लाइन से देना शुरू हो गया है। पुरानी लाइन को बंद कर 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट का ट्रायल रन प्रारंभ किया गया है। मोतीबाग पानी टंकी से कनेक्ट एरिया में सुबह और शाम 1-1 घंटे नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जा रही है, वहीं गंज पानी टंकी कमांड एरिया वाले वार्डो में सुबह और शाम 2-2 घंटे जल आपूर्ति की जा रही है। पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर के 14 वार्डो में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना पर काम किया जा रहा है। जिन हितग्राहियों ने अभी तक नए नल कनेक्शन नहीं लिए हैं, उनके द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय से संपर्क कर नए नल कलेक्शन के लिए आवेदन दिए जा सकते हैं।

रायपुर शहर के 14 वार्डो में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के लिए बिछाई गई नई पाइप लाइन से गंज और मोतीबाग कमांड एरिया के वार्डो में मंगलवार से सुबह और शाम जल आपूर्ति का ट्रायल रन शुरू हो गया है। इसके शुरू होने के साथ ही रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया के बैजनाथपारा, सदर बाजार की पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति बंद कर दी है।

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के कुछ ऐसे एरिया जहां पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जाती थी, वहां अब नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की व्यवस्था बनाई गई है। इसी तरह महामाया मंदिर वार्ड के कुछ एरिया और सिविल लाइन क्षेत्र में पुराने पाइप लाइन को बंद कर नई पाइप लाइन के माध्यम से सुबह और शाम जल आपूर्ति ट्रायल रन के रूप में शुरू की गई है। गंज मंडी कमांड एरिया में कुल 58.14 किलोमीटर के दायरे में और मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया में 121.06 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। परियोजना के अंतर्गत स्कॉडा सिस्टम की स्थापना फिल्टर प्लांट भाठागांव में किया गया है।

ट्रायल रन शुरू ,पुरानी पाइप लाइन को किया बंद रन शुरू ,पुरानी पाइप लाइन को किया बंद



### 18 स्थानों पर जल प्रदाय की निगरानी की व्यवस्था

शहर के 18 स्थानों पर स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी ने इलेक्ट्रो मेग्नेटिक फ्लोमीटर लगाया है। जिसके अंतर्गत विभिन्न वार्डो में जल प्रदाय कार्य की निगरानी की व्यवस्था रहेगी। जिन स्थानों पर इलेक्ट्रो मेग्नेटिक फ्लोमीटर लगाया गया है उनमें मोतीबाग मेन टंकी के पास, सुभाष स्टेडियम के पास, छोटापारा में राजीव गांधी चौक के पास, बूढ़ेश्वर मंदिर चौक, महाराजा बंध तालाब एसटीपी के पास , बूढ़ातालाब क्षेत्र में कैलाशपुरी ढाल के पास, डीकेएस हास्पिटल के पास, प्रभात टाकीज के पास, गंज मंडी मेन पानी टंकी के समीप,पूरन दाल मिल गली रामसागर पारा सहित अन्य जगह शामिल है।

### गंज पानी टंकी कमांड एरिया में शामिल वार्ड

- रमण मंदिर वार्ड - सम्मिलित क्षेत्र : आंशिक
- इंदिरा गांधी वार्ड - संपूर्ण
- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड -संपूर्ण
- तात्यापारा वार्ड - सम्मिलित क्षेत्र - संपूर्ण
- शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड - आंशिक
- स्वामी आत्मानंद वार्ड - आंशिक

### मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया में शामिल वार्ड

- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड - सम्मिलित क्षेत्र - आंशिक
- ब्राम्हणपारा वार्ड - आंशिक
- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड - संपूर्ण
- मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड - संपूर्ण
- सिविल लाइन वार्ड - आंशिक
- शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड - आंशिक
- विपिन बिहारी सूर वार्ड - आंशिक
- महामाया मंदिर वार्ड - आंशिक

---

# बिलासपुर के पुलिस विभाग में अटैच कार को किया जब्त





हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर की यातायात पुलिस ने बिलासपुर के सरकारी विभाग में अटैच में चल रही एक कार को जब्ती बनाते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। चालक चार दिन पहले कार को बिलासपुर से लेकर रायपुर पहुंचा था। यहां वह अपने अन्य दोस्तों के साथ इस कार में अत्यधिक नशा करने के कारण बेहोशी हालत में मिला था, जिसका विडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हुआ था। इस विडियो के आधार पर पुलिस कार और चालक दोनों को तलाश रही थी। इस तरह जांच के दौरान कार चालक को गिरफ्तार किया है।

### 20500 अर्थदंड का प्रावधान

यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकरण में मोटरयान अधिनियम की धारा 108, 185 एवं 119(3) की धारा के तहत 20 हजार 5 सौ रुपए के अर्थदंड का प्रावधान है।

इस मामले में आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट इस प्रकरण में सुनवाई कर आदेश जारी करेगा। उसके अनुसार कार को छोड़ा जाएगा।

### पुलिस विभाग में अटैच थी कार

पुलिस ने इस प्रकरण में जिस स्कार्पियों वाहन को पकड़ा है, वह गोस्वामी ट्रैवल्स की गाड़ी है। इस कार के मालिक का नाम डिलेश्वर पटेल है। पूछताछ पर डिलेश्वर ने बताया गया कि कार बिलासपुर जिले में पुलिस विभाग में अटैच चल रही थी, इसलिए वाहन में लाल-नीली बत्ती लगी हुई है। आरोपी चालक आशीष यादव कार की मरम्मत कराने के लिए 4 दिन पहले रायपुर लेकर आया था। इसके बाद से कार उसके पास ही है।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



13 मनखे-मनखे एक समान...पंथी की थाप...



**सिटी लाइव**

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में भाग लेंगे एनआईटी स्टूडेंट्स



**रायपुर।** एनआईटी में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के अंतर्गत "डिजाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज" जूरी सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष की प्रतियोगिता की थीम "द्विविधता" रखी गई है। जूरी पैनल में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं उद्योग विशेषज्ञों की सहभागिता रही, जिनमें डॉ. डी. सान्याल, विभागाध्यक्ष, आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग विभाग डॉ. शिरीष वी. देव, प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग डॉ. एके वर्मा, डीन, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग आर्किटेक्ट अनुराग राठी, उद्योग विशेषज्ञ एवं डॉ. श्रुति नागदेवे, प्रतियोगिता नोडल अधिकारी, डिजाइन फॉर भारत शामिल हुए। इस जूरी सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आई कुल 12 टीमों ने अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। प्रस्तुत प्रस्तावों में कृषि, कनेक्टिविटी एवं परिवहन, सतत विकास, स्वास्थ्य एवं कल्याण सहित अन्य प्रमुख विषय क्षेत्रों को संबोधित किया गया। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत नवोन्मेषी विचारों का मूल्यांकन विशेषज्ञ जूरी द्वारा किया जाएगा, जिसके पश्चात अगले स्तर के लिए विजेता टीमों का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही चयनित टीम को दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

**लाइव इवेंट**

## शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में इमरजेंसी में सीपीआर से जान बचाने का दिया प्रशिक्षण




**रायपुर।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में आईक्यूएसी द्वारा एक दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविघालय में आयोजित किया गया। यह जानकारी शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविघालय की प्राचार्य भावना चौहान ने दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आयोजन में डॉ. सुधा त्रिवेदी (निश्चेतना विशेषज्ञ), वनजा भावे (समाजसेवी), डॉ. निशांत त्रिवेदी (निश्चेतना विशेषज्ञ), सीमा सच्चर (प्राचार्य) द्वारा सीपीआर में प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। बीएड एवं एमएड प्रशिक्षार्थियों को सीपीआर एवं एईडी का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य भावना चौहान द्वारा सीपीआर एवं एईडी की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर चर्चा की गई। आईक्यूएसी प्रभारी शेफाली मिश्रा द्वारा छात्राध्यापकों को प्रेरित किया गया कि वे सीपीआर एवं एईडी के प्रशिक्षण से सीखकर अपने-अपने विद्यालयों में इस प्रशिक्षण के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दें। कार्यक्रम में शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की प्राध्यापक कल्पना देशमुख, पूनम साहू, सपना शुक्ला, लता मिश्रा, योगेश्वरी महाडिक, संगीता कर्मकार आदि उपस्थित रहीं।

**समाज लाइव**

## दिव्यांग बच्चों ने गीत-संगीत और खेल प्रतियोगिता में दिखाया हुनर




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में एनएबी हीरापुर में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों ने विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना हुनर दिखाया। यह आयोजन जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए ब्लाइंड चेस, गीत-संगीत एवं विविध रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से रजत जयंती का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा और क्षमताओं को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना, उन्हें प्रोत्साहित करना तथा आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान करना रहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी भी प्रकार से कम नहीं हैं और उचित अवसर एवं मार्गदर्शन मिलने पर वे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। समाज कल्याण विभाग, जिला रायपुर द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में आत्मविश्वास का विकास हो एवं उनके सर्वांगीण विकास को निरंतर प्रोत्साहन मिल सके।

**● राजधानी में नववर्ष के स्वागत की तैयारी और प्लानिंग का सिलसिला जारी, पैकेज तय करने के बाद होगी बुकिंग**

# रॉक बैंड, लाइव कंसर्ट और डीजे ग्रुप के साथ होगा न्यू ईयर सेलिब्रेशन, होटलों और रिसॉर्ट में तैयारी तेज

'रॉक बैंड, लाइव कंसर्ट और डीजे म्यूजिक के साथ नववर्ष-2026 का वेलकम करने इस बार भी बड़े होटलों को रंगीन लाइटों से रोशन करने और आकर्षक साज-सज्जा से आने वाले लोगों को माहौल देने के लिए आयोजकों ने तैयारी शुरू की है। शहर के वीआईपी रोड सहित बड़े होटलों में समय से पहले म्यूजिकल रॉक बैंड के साथ स्टार्स को लाने के लिए प्रयास तेज किया है। हालांकि अभी पैकेज और कौन से सेलिब्रिटी न्यू ईयर का हिस्सा बनने वाले हैं, इसका अंतिम निर्णय ज्यादातर होटलों में होना बाकी है, लेकिन होटल को उत्सव के लिए सजाने का सिलसिला तेज हो गया है।'

**रायपुर।** साल 2026 को सेलिब्रेट करने वालों की तैयारी शुरू हो गई है। वीआईपी रोड, काठाडीह और आमानाका इलाके में फार्म हाउसों की बुकिंग का सिलसिला अभी शुरू नहीं हो पाया है। इसमें कई फार्म हाउस ऐसे हैं, जहां लोग फैमिली के साथ नया साल मनाने जाते हैं। बढ़ते क्रेज को देखते हुए कई फार्म हाउसों में पैकेज की सुविधा मिलती है। इसे देखते हुए लोग अभी से फार्म हाउसों का रुख करने लगे हैं। नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग ही नहीं, परिवार से दूर रहने वाले भी नए साल को खुशनुमा माहौल में मनाने के लिए फार्म हाउसों में जाने लगे हैं। इसे देखते हुए फार्म हाउसों की साज सज्जा ऑनर्स करा रहे हैं। इसमें किसी फार्म हाउस में लोगों को सेलिब्रेशन, तो किसी जगह फैमिली को खुशनुमा माहौल देने पैकेज तय होने का इंतजार है।



### दिल्ली, इंदौर, रायपुर के बैंड और डीजे की धूम

*होटल सायाजी में इस बार न्यू ईयर को यादगार बनाने के लिए इंदौर की रॉक बैंड टीम, इंदौर की डीजे और रायपुर की बैंड म्यूजिकल टीम लोगों को खुशनुमा पल का एहसास कराने वाली है। इसके लिए तैयारी तेज हो गई है। होटल के हरेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी तक एंट्री की दरें तो तय नहीं की गई हैं, लेकिन इस बार एक ही कैंपस में लॉबी, लॉन सहित तीन जगह नववर्ष सेलिब्रेशन का अवसर लोगों को दिया जाएगा। प्रस्तुति देने के लिए इस बार अलग-अलग बैंड से जुड़ी टीमें आएंगी। सेलिब्रेशन के लिए तीनों जगह तैयारी का दौर जारी है। अलग-अलग म्यूजिकल ग्रुप द्वारा लोगों के बीच लाइव प्रस्तुति दी जाएगी।*



### लाइव कंसर्ट के बीच ले सकेंगे व्यंजनों का स्वाद

कोर्टयार्ड बाय मैरियट जैसे 5 स्टार लक्जरी सुविधा वाले होटल में इस बार यूथ और फैमिली के लिए अलग-अलग लॉर्जेस्ट डिनर बुफे सजाने की तैयारी है। मार्केटिंग हेड अनन्या सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात 8 बजे से ही साल 2025 का काउंडाउन शुरू होगा, जो रात 12 बजे तक सेलिब्रेशन का हिस्सा बनने का अवसर लोगों को देगा। डीजे शाईनी अपनी लाइव प्रस्तुति से लोगों को मनोरंजन का अवसर देंगी। इसके अलावा रेस्टोरेंट में फैमिली के लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। जहां लोग लाइव म्यूजिक के बीच न्यू ईयर सेलिब्रेशन का हिस्सा बन सकेंगे। इनके लिए स्पेशल डिनर बुफे सजाए जाएंगे। जहां लोग खानपान का लुत्फ उठा सकेंगे।

### नववर्ष के स्वागत में युवा एडवांस में रिसोर्ट करा रहे बुक

नए साल पर प्रदेश का मैनपाट और कुरदर घाटी के रिसोर्ट पर्यटकों से गुलजार रहेंगे। इस बार नववर्ष के स्वागत के लिए युवाओं की पहली पसंद इन्हें ही बताया जा रहा है। विभाग के मुताबिक सभी रिसोर्ट नए साल के लिए बुक हो चुके हैं। बार नवापारा के रिसोर्ट फुल होने से कई लोगों ने सिरपुर में भी इस बार रिसोर्ट बुक कराए हैं। बस्तर और जशपुर के रिसोर्ट भी 25 दिसंबर से 2 जनवरी तब बुक हो चुके हैं। नए साल के लिए लोगों ने ठंडी जगह को चुना है। रिसोर्ट बुक होने के बाद अब जश्न मनाने के लिए पर्यटक विभाग के टैंट भी बुक करा रहे हैं, ताकि रात में सुरक्षित रह सकें। इसके अलावा जंगलों व पहाड़ी क्षेत्रों में बने प्राइवेट रिसोर्ट में भी बुकिंग अधिक है।



### बार नवापारा और कोंडागांव में एडवांस बुकिंग

नए साल पर इस बार भी बार नवापारा, कोंडागांव, चित्रकोट और कुरदर क्षेत्र में सर्वाधिक पर्यटक पहुंचेंगे। यहां वन विभाग के कॉटेज की बुकिंग एडवांस में हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में बने सरकारी रिसोर्ट में बुकिंग अधिक है। इसमें चिल्फी घाटी के रिसोर्ट भी तीन दिनों के लिए बुक हो चुके हैं। यहां से कान्हा नेशनल पार्क भी बड़ी संख्या में लोग जाएंगे। इसके अलावा जगदलपुर का रिसोर्ट बुक है। यहां लोग रिसोर्ट में अपनों के बीच नए साल का जश्न मनाएंगे।

### नवा रायपुर के रिसॉर्ट में धूम मचाएंगे स्टार्स

इस साल होटल मायरा रिसॉर्ट और कन्वेंशन सेंटर में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए तैयारी शुरू हो गई है। प्रेसिटेंड सीबी सिंह ने बताया कि लोगों को नए साल का स्वागत करने का अवसर गीत-संगीत के बीच मिलेगा। लोग फैमिली के साथ आयोजन में शामिल होते हैं। दिल्ली, मुंबई के कलाकार उत्सव में चार चांद लगाएंगे। फैमिली पार्टी के लिए अलग-अलग पैकेज देने को लेकर तैयारी की जा रही है। इस बार भी गीत-संगीत के बीच लोगों को खुशनुमा माहौल देने के लिए साज-सज्जा को खास लुक देने की तैयारी शुरू हो गई है। लोग फैमिली के साथ नए साल का स्वागत करने के लिए आते हैं। इस लिहाज से गीत-संगीत का अच्छा अवसर और माहौल मिलेगा।

# मेगा हेल्थ कैंप में देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टर्स और 47 प्लस अस्पताल देंगे निशुल्क सेवाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राजधानी में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक मेगा हेल्थ कैंप-2025 का भव्य आयोजन प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर प्रदेश की जनता को समर्पित होगा, जहां देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टर और 35 से अधिक प्रतिष्ठित अस्पताल निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। इस मेगा हेल्थ कैंप के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और अब तक 18 हजार से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

विगत 5 शिविर की सफलता को देखते हुए इस वर्ष 6वें शिविर का आयोजन विधायक राजेश मूणत ने किया है। मेगा हेल्थ कैंप के पीछे अपने सेवा विजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। इस महाभियान का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। उद्घाटन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, महापौर मीनल चौबे, जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### ये विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवा



इस मेगा हेल्थ कैंप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों और विशेषज्ञता के देशभर में प्रसिद्ध डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। हृदय रोग विशेषज्ञों में डॉ. मयूर जैन ठाणे मुंबई, डॉ. रमेश कवाड़ मुंबई, डॉ. नागेश ए अपोलो हॉस्पिटल हैदराबाद, डॉ. राजीव गर्ग हैदराबाद, डॉ. चंद्रा मौली सिकंदराबाद और डॉ. अभिषेक साहू नागपुर शामिल हैं। छाती रोग विशेषज्ञों में डॉ. कपिल साल्गिया मुंबई और डॉ. सोमा साई किरण सिकंदराबाद सेवाएं देंगे। गुर्दा रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. गौरव सिंघल गुड़गांव दिल्ली अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल मन्नावा यशोदा हॉस्पिटल सिकंदराबाद तथा मधुमेह पैर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभाकर डी यशोदा हॉस्पिटल सिकंदराबाद भी कैंप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा हड्डी रोग, न्यूरोलॉजिस्ट एवं यूरोलॉजिस्ट, प्रसिद्ध होम्योपैथिक विशेषज्ञ, प्रसिद्ध आयुर्वेदिक विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

## श्याम महोत्सव में ख्यात गायक भजनों से 21 को मचाएंगे धूम

**रायपुर।** श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 23वां श्याम महोत्सव इस बार धूमधाम से मनाने की तैयारी तेज हो गई है। यह भव्य आयोजन समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में 21 दिसंबर को किया जाएगा। श्याम परिवार समिति के लोगों ने बताया कि हर साल यह आयोजन दिसंबर महीने में ही परंपरागत रूप से आयोजित किया जाता है। इससे पहले 20 दिसंबर को दुग्धाभिषेक से उत्सव की शुरुआत की जाएगी। 21 दिसंबर को सुबह से देर रात तक भजनामृत का आयोजन है। इसमें शामिल होने के लिए देश के चर्चित भजन गायक आ रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से संजय सेन (सूरजगढ़), धर्मेन्द्र पांडेय (सुल्तानपुर), ज्योति पाल (ग्वालियर) और सोनाली नागेश्वर (बालाघाट) से शिरकत करने के लिए आ रहे हैं। जयपुर के बुंदु म्यूजिकल ग्रुप व सजीव झांकियों की प्रस्तुति दिल्ली के मनोज रिया ग्रुप की ओर से दी जाएगी। समिति की ओर से तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

**हरसंभव फाउंडेशन, सहयोग और सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने किए वितरित**

# ठंड में मसीहा बनीं सामाजिक संस्थाएं निर्धनों को बांटे कंबल और गर्म कपड़े

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** हरसंभव फाउंडेशन द्वारा शीतकालीन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय माधवराव सप्रे पूर्व माध्यमिक शाला, आमीन पारा में अध्ययनरत जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र (स्वेटर) का वितरण किया गया। इस अवसर पर 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के लगभग 70 विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किए गए। संस्था द्वारा विगत पांच वर्षों से निरंतर शीतकालीन सत्र में स्वेटर, कंबल एवं अन्य गर्म वस्त्रों के वितरण का सेवाकार्य संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी ने बताया कि सफला एकादशी के दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर सीमा छाबड़ा, रेवती सिंह, डॉ. प्रीति उपाध्याय, पूनम मिश्रा, छाया देवांगन, ममता गुप्ता, पद्मा शर्मा, तृप्ति सक्सेना, सरिता झा, मान्या जुमरानी, सुनीता सिंह, कस्तूरी साहू, गीता कटारिया, नेहा संतोषवार, अर्चना शर्मा, मंजू इंगले, उमा, शकीला खान, वीणा रावत, अंजू अग्रवाल, सोनल शर्मा, नीतू गुप्ता, ममता त्रिपाठी, डॉ. श्रद्धा निर्मलकर एवं अभिलाषा अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।



### कंबल पाकर मिली खुशी

सहयोग सामाजिक संस्था ग्रुप ने तीसरे दिन बीटीआई मैदान के पास कंबल वितरण किए। ग्रुप के राष्ट्र प्रमुख चंदर देवानी और महेश खिलनानी ने अपनी टीम के साथ कंबल वितरित किए, जिसमें पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, वरिष्ठ समाजसेवी किशोर आहूजा और पार्षद रोहित साहू उपस्थित रहे। कंबल का वितरण स्व. नारायण दास पंजवानी की स्मृति में उनके सुपुत्र समाजसेवी नरेश पंजवानी के द्वारा किया गया।





### सिंधी काउंसिल ने टिंबर मार्केट में कंबल बांटे

*सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा निशुल्क कंबल वितरण के तीसरे दिन देवेंद्र नगर टिंबर मार्केट में वितरित किए। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, स्व. कांता देवी जसवानी, स्व. राजेंद्र रामनानी, स्व. हरिराम सिदारा की स्मृति में कंबल वितरण किया गया, जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। बुजुर्ग महिला बच्चे पुरुषों को जब कंबल मिला तो सबने दिल से दुआ दी और कहा, सिंधी काउंसिल द्वारा नेक कार्य निरंतर चलता रहे। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, पार्षद कृतिका जैन, चेयरमैन संजय रहेजा, रितेश वाधवा, सुनील कुकरेजा, राजेश रेलवानी, अनिल रमानी, धनेश मटलानी, कमलेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, अशोक बाग आदि उपस्थित थे।*

सिटी लाइव

## स्लम बस्ती की महिलाओं ने सीखा दीया-मोमबत्ती बनाने का हुनर, आत्मनिर्भर की ओर बढ़ाया कदम



**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स महिला विंग द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को शहर के श्याम नगर स्लम एरिया में महिलाओं के लिए दीया एवं मोमबत्ती निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना, उन्हें व्यावहारिक कौशल प्रदान करना एवं स्वदेशी उत्पादों के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को कम लागत में घर बैठे दीया एवं मोमबत्ती निर्माण की तकनीक, कच्चे माल की जानकारी, गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग एवं बिक्री से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। महिला पदाधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकती हैं। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण के दौरान दिए गए मार्गदर्शन को गंभीरता से अपनाने का संकल्प लिया।

### समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल



महिलाओं ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स महिला विंग द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे। महिला विंग ने भविष्य में भी इस प्रकार के स्वरोजगार एवं कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

### स्ट्रोक एवं स्पाइन स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यशाला आज

*कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा स्ट्रोक एवं स्पाइन स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यशाला आज आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला शाम 4 बजे कैट प्रदेश कार्यालय पगारिया कांप्लेक्स पंडरी में आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य वक्ता विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ साहू, न्यूरोसर्जन, ब्रेन एंड स्पाइन होंगे। इस संबंध में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने जानकारी दी।*

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी में 31वें वर्ष निकली भव्य शोभायात्रा

# मनखे-मनखे एक समान...पंथी की थाप पर झूमे, अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन, झांकियों में गुरु महिमा का यशोगान

**संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को राजधानी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अगवाई में यह शोभायात्रा निकली। आमापारा प्लाजा से अपराह्न 3 बजे सफेद ध्वज थामे हुए सात संतों की अगवाई में प्रदेश की सबसे बड़ी सतनाम शोभायात्रा जब निकली तो पूरा शहर जय सतनाम और गुरु घासीदास बाबा के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में राजधानी सहित अन्य शहरों-गांवों से सतनामी समाजजन बच्चे, बड़े, महिला-पुरुष और युवा साथी उत्साह और आस्था के साथ शामिल हुए।**

**रायपुर।** गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झाकियां, पंथी नृत्य, डीजे-धुमाल व अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहे। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष स्व. नरसिंह मंडल ने 16 दिसंबर 1994 को शहर में प्रथम बार भव्य रूप से गुरुजी की शोभायात्रा शुरू की थी, जिसका अनुसरण आज पूरे प्रदेश में हो रहा है। राजधानी में शोभायात्रा का यह 31वां वर्ष है। इस शोभायात्रा में नगर सहित प्रदेश व देश-विदेश के कोने कोने से समाज के लोग उत्साह व आस्था के भाव से ओतप्रोत होकर बड़ी संख्या में शामिल हुए। भव्य सतनाम शोभायात्रा के प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, शकुन डहरिया, महासचिव डॉ. जेआर सोनी, डीएस पात्रे, सुंदर लहरे, उपाध्यक्ष चंपादेवी गेंदले, सुंदरलाल जोगी, कपिल नारायण भारद्वाज का रहा। शोभायात्रा में समाज के हजारों लोग श्वेत वस्त्र धारण कर सपरिवार शामिल हुए। आयोजन समिति ने राजधानीवासियों का सतनाम शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।



### सर्वश्रेष्ठ झांकियां सम्मानित

शोभायात्रा में शामिल सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियों को विशेष सम्मान व अन्य झांकियों को सांत्वना सम्मान भेंट कर निर्णायक कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक कमेटी के सदस्य छगनलाल सोनवानी, मोहनलाल डहरिया व रघुनाथ भारद्वाज ने विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अलंकृत किया। वहीं शोभायात्रा के सफल आयोजन में कमल कुर्रे व उनकी युवा टीम ने अहम भूमिका निभाई।







### पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत

आमापारा प्लाजा से प्रारंभ हुई भव्य सतनाम शोभायात्रा आजाद चौक, कंकाली तालाब रोड, बूढ़ापारा चौक, नगर निगम मुख्यालय, महिला थाना चौक, मोतीबाग होते हुए समापन स्थल गुरु घासीदास चौक (नगर घड़ी) पहुंची। इस दौरान जगह- जगह सतनामी समाज के लोगों ने शोभायात्रा की आरती मंगल एवं पुष्पवर्षा कर भक्तिमय स्वागत किया। जहां मुख्य मंच पर संतों की पूजा-अर्चना के साथ अतिथियों का उद्बोधन हुआ।

### अखाड़ा दलों की जांबाजी देख लोग हुए अचंभित

शोभायात्रा में प्रदेशभर से आए अखाड़ा दल के सदस्यों ने अपने हैरतअंगेज अखाड़ा शौर्य प्रदर्शन से अचंभित किया। मुंह से आग निकालते और लाठी भांजते, चकरी चलाने का करतब लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। सतनामी समाजजनों ने सफेद साफा बांधे, हाथों में श्वेत ध्वज लेकर और अखाड़ा प्रदर्शन कर अपने सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रतिबद्धता, शौर्य-वीरता का प्रदर्शन किया।

### कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने दिया आशीर्वाद

शोभायात्रा में भंडारपुरी धाम से पधारे कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब बग्घी पर सवार होकर आशीर्वाद दिए। गुरुजी ने शोभायात्रा समापन स्थल गुरु घासीदास चौक (नगर घड़ी) पर बनाए गए मुख्य मंच से विश्ववंदनीय संत शिरोमणि गुरुघासी दास बाबा को नमन कर उनके जयघोष के साथ समस्त मानव समाज की मंगलकामना करते हुए आगामी 18 दिसंबर को गुरु जयंती पर्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही समाज के वरिष्ठों द्वारा शामिल सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियों को विशेष प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल तथा अन्य शामिल झांकियों को सांत्वना सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने सभी से गुरु घासीदास बाबा की शिक्षा, संदेशों एवं उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया।










# संगीता का अजय को बड़ा ऑफर-15 विधायक के साथ कांग्रेस में आएं, मुख्यमंत्री बन जाएं

विधानसभा में कई रोचक बातें सदस्यों के बीच चर्चा के दौरान देखने को मिलती हैं। विधानसभा में चर्चा के दौरान मंगलवार को कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने अजय चंद्राकर को ऑफर दिया कि 15 विधायकों के साथ कांग्रेस में आएं और मुख्यमंत्री बन जाएं। संगीता सिन्हा ने कहा, पहले दिन अजय चंद्राकर ने विपक्ष की भूमिका निभाई। कांग्रेस की अनुपस्थिति में पूरी सरकार की कार्य प्रणाली पर उंगली उठाई। वैसे हम लगातार देख रहे अजय चंद्राकर सरकार से दुःखी हैं। वे 15 विधायक लेकर आएं हम उन्हें सीएम बनाएंगे।

- अजय ने कहा- संगीता की अक्ल में ओले पड़ गए
- चर्चा के दौरान सदस्यों के एक दूसरे पर रोचक अंदाज में कटाक्ष



### अजय चंद्राकर का पलटवार

संगीता सिन्हा के ऑफर पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, संगीता की अक्ल में ओले पड़ गए हैं। शायद वह ठंड में मैनपाट या चिल्फी घाटी घूमने गई होंगी, इसलिए बहकी-बहकी बातें कर रही हैं।



### दो दिनों से चर्चा में अजय

पिछले दो दिनों से इस बात की चर्चा हो रही है कि कांग्रेस के विधायक जब सदन में नहीं थे, तो अजय चंद्राकर ने विजन 2047 पर वक्तव्य दिया। उसमें पूरी सरकार की कार्य प्रणाली पर ही सवाल उठाए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्त सहित कई विभागों का उदाहरण देकर अपनी सरकार को आईना दिखाया। उसके बाद से विपक्ष के सदस्यों ने यहां तक कह दिया कि हमारे न रहने पर अकेले अजय भारी पड़ते हैं। उसी तर्ज पर संगीता सिन्हा की आज की टिप्पणी भी चर्चा का विषय रही।

## वंदेमातरम पर चर्चा के साथ आज विधानसभा सत्र का होगा समापन

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र का समापन 17 दिसंबर को वंदेमातरम पर चर्चा के साथ समाप्त होगा। इससे पहले मंगलवार को सत्र के दौरान संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने आग्रह किया कि 19 दिसंबर को प्रस्तावित वंदेमातरम पर चर्चा 17 को शासकीय कार्य पूरे होने के बाद करा ली जाए। आसंदी ने उनके इस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 से 17 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। इसी बीच सत्र के कार्यक्रम में संशोधन की सूचना आई कि सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। आखिरी दिन 19 दिसंबर को वंदेमातरम पर पर चर्चा का आयोजन होगा। लेकिन मंगलवार को इस कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इस हिसाब से सत्र 17 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा।



- पहले 19 को प्रस्तावित थी वंदेमातरम पर चर्चा
- संसदीय कार्यमंत्री के प्रस्ताव पर बदला कार्यक्रम

### विजन 2047 और अनुपूरक पर हुई चर्चा

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन 14 तारीख रविवार छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 पर चर्चा की गई। इस चर्चा का विपक्षी कांग्रेस ने बहिष्कार किया था। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने अपनी बातें रखीं थी। सोमवार को सदन में सामान्य कामकाज हुआ। इस सत्र के दौरान राज्य का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट 35 हजार करोड़ रुपयों का रखा गया था। अनुपूरक पर पक्ष-विपक्ष की चर्चा के बाद यह पारित हो गया है। इससे पहले सरकार की ओर की ओर से तीन विधेयक पेश किए गए। इन पर बुधवार को चर्चा होगी।

### जोन कमिश्नर और कार्ड प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी

# एपीएल से बीपीएल राशनकार्ड में परिवर्तन पर उठे सवाल खाद्य मंत्री ने कहा- जोन कमिश्नर ने की थी अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा में एपीएल से बीपीएल राशन कार्ड में परिवर्तन का मामला बीजेपी विधायक सुशांत शुक्ला ने उठाया। उन्होंने मंत्री पर गलत जानकारी देने की बात कही। मामले में अन्य भाजपा विधायकों ने कमेटी बनाकर जांच करने की मांग की।

प्रश्नकाल में विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि क्या बिलासपुर जिला अंतर्गत वर्ष 2023 से नवम्बर 2025 की अवधि तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए एपीएल राशनकार्डधारियों को परिवर्तित कर बीपीएल राशनकार्ड जारी किया गया है? यदि हां तो कितने राशनकार्ड परिवर्तित किए गए हैं? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या एपीएल राशन कार्ड से बीपीएल राशन कार्ड परिवर्तित करने के लिए हितग्राहियों से सहमति ली गई? यदि नहीं तो कारण बताएं? इसके लिए दोषी अधिकारियों पर क्या-क्या कार्रवाई की गई?








### विभाग दे रहा गलत जानकारी

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया। विधायक ने मंत्री के जवाब को नकारते हुए कहा कि मंत्री का जवाब तथ्यात्मक रूप से गलत है। जिला प्रशासन ने फर्जी राशन कार्ड के मामले में चार एफआईआर कराई है। विधायक ने मंत्री से फिर पूछा कि क्या जिला प्रशासन ने एफआईआर गलत कराई है। मंत्री की चुप्पी के बीच विधायक ने कहा, खाद्य विभाग के अफसर मंत्री को धोखे में रख रहे हैं, गड़बड़ी करने वालों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है।

### जोन कमिश्नर की अनुशंसा में बनाया गया

मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, बजट सत्र के दौरान भी यह सवाल आया था। कलेक्टर की अध्यक्षता में जांच के लिए समिति बनी थी। जांच के बाद जानकारी मिली कि 19 राशन कार्ड को एपीएल से बीपीएल में परिवर्तित किया गया है। 15 कार्ड सहमति से एपीएल से बीपीएल में बदला गया। चार कार्ड बिना जानकारी के बीपीएल में बदले गए। बिलासपुर नगर निगम के जोन क्रमांक चार में जोन कमिश्नर की अनुशंसा के आधार पर बनाया गया है। मंत्री ने बताया कि जोन कमिश्नर और कार्ड प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री का जवाब पूरी तरह गलत

मंत्री द्वारा सदन में जवाब पेश करने के बाद विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा, मंत्री सदन में जो जवाब दे रहे हैं, वह पूरी तरह झूठा है। मेरे पास पूरे दस्तावेज हैं। उन्होंने आसंदी से कहा, आपकी अनुमति हो तो दस्तावेज सदन के पटल पर रख देता हूं। उन्होंने कहा, 250 ऐसे राशन कार्ड हैं, जो पूरी तरह फर्जी हैं, इनके दस्तावेज मेरे पास अभी उपलब्ध हैं।

## साव ने कहा- जल जीवन मिशन में काम का मूल्यांकन करने के बाद ही 70 प्रतिशत तक भुगतान

छत्तीसगढ़ विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज सत्ता पक्ष के विधायक ने जल जीवन मिशन के मुद्दे पर सवाल उठाए। विधायक धरमलाल कौशिक ने भुगतान में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, बिना कार्य पूरा हुए ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। मंत्री अरुण साव ने कहा, कहीं भी पूरा भुगतान नहीं हुआ है, योजना में 70 प्रतिशत तक ही भुगतान हुआ है। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने जल जीवन मिशन को लेकर कहा, 211 कार्य लक्षित हैं, जिनमें से 91 पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 119 अब भी अपूर्ण हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि इन्हें कब





- भाजपा विधायक कौशिक ने लगाए भुगतान में भ्रष्टाचार के आरोप

तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी मांगी। मंत्री अरुण साव ने अपने जवाब में कहा, जहां पर कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, वहां पर पूरा भुगतान नहीं किया गया है।

### बिना काम नहीं होता भुगतान

धरमलाल कौशिक ने बिना काम पूरा हुए भुगतान किए जाने का आरोप लगाया। इस पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने जवाब दिया कि ठेकेदार द्वारा कार्य किए जाने के बाद सब इंजीनियर और एसडीओ जांच करते हैं, फिर कार्यालय से राशि जारी की जाती है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है और जितना कार्य हुआ है, उतने का ही भुगतान किया गया है, जिसमें फिलहाल 70 प्रतिशत राशि दी जाती है। योजना के तहत जितना कार्य हुआ है, उसका मूल्यांकन करने के बाद भुगतान किया जाता है। जितना कार्य किया गया है, उसका 70 प्रतिशत भुगतान करने का नियम है। बिना काम के भुगतान नहीं होता।

### मंत्री से पूछा, कब पूरे होंगे काम

अजय चंद्राकर ने कहा, 70 प्रतिशत भुगतान का यह मुद्दा किसी एक जिले का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का है और मंत्री को बताना चाहिए कि सभी जिलों में कार्य कब तक पूरे कराए जाएंगे।

### हसदेव अरण्य पर स्थगन खारिज

# विपक्ष का गर्भगृह में प्रवेश कांग्रेस विधायक निलंबित

छत्तीसगढ़ विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोयला खनन का मुद्दा गूंजा। मामले में विपक्ष द्वारा लाया गया स्थगन प्रस्ताव चर्चा के बिना अस्वीकार कर दिया गया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों ने नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में प्रवेश किया, जिसके बाद गर्भगृह में जाने वाले कांग्रेस विधायक स्वतः निलंबित हो गए। बाद में स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने निलंबन वापस ले लिया। शून्य काल में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने हसदेव अरण्य और अन्य वन क्षेत्रों में खनन को लेकर स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से चर्चा की मांग की। सरकार की ओर से जवाब दिए जाने के बाद आसंदी ने चर्चा की अनुमति नहीं दी। इसी निर्णय के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने गर्भगृह में प्रवेश कर हंगामा किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, विधानसभा में पहले अशासकीय संकल्प पारित हुआ था कि हसदेव अरण्य में कोई खदान नहीं खोली जाएगी, इसके बावजूद जंगलों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक वन क्षेत्र तेजी से नष्ट हो रहे हैं। भूपेश बघेल ने कहा, देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण से जूझ रही है, उड़ानें रद्द हो रही हैं, जबकि छत्तीसगढ़ जैसे हरित राज्य को भी प्रदूषण की ओर धकेला जा रहा है। सोलर ऊर्जा की संभावनाओं के बावजूद कोयला खनन को बढ़ावा देना राज्य के भविष्य के लिए खतरा है। छत्तीसगढ़ समृद्धशाली है, लेकिन यहां की स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।



### जंगल क्यों काटे जा रहे : भूपेश बघेल

भूपेश बघेल ने यह भी कहा, आपको बिजली चाहिए तो आपके पास अल्टरनेटिव है, सोलर प्लांट है। सोलर की व्यवस्था है, तो कोयला उत्खनन क्यों कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कोई प्लांट तो लग नहीं रहा है, फिर जंगल को क्यों काटा जा रहा है। हाथी मानव द्वंद्व अलग हो रहा है, ये बहुत बड़ी त्रासदी बन गया है कि हमारे पास खनिज है और यह हमारे लिए परेशानी का कारण बन गया है। लाभ दूसरे लोग उठा रहे हैं और छत्तीसगढ़ को सिर्फ नुकसान हो रहा है। हसदेव बांगो डैम पूरा भर जाएगा तो रायगढ़, चांपा, बिलासपुर और दूसरे जिलों में जो सिंचाई होती है, वह प्रभावित होगी। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए परेशानी का सबब होगा। इसके लिए हमने स्थगन प्रस्ताव लाया। सरकार सिर्फ उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है, यह बात स्पष्ट हो गई है। जहां खदान खुलनी है, उन गांवों में ग्रामसभा नहीं की जा रही है। दूसरे गांवों में ग्रामसभा हो रही है, वो भी 15 मिनट में खत्म हो रही है।



### वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा- सरकार वन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील

वन मंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, साय सरकार वन, वन्यजीव, आदिवासी और पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बस्तर में नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार के साथ बस्तर ओलिंपिक का आयोजन किया गया, जिसमें 3 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वन मंत्री ने बताया कि गुरु घासीदास तमोर पिंगला देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बना। कोपरा जलाशय प्रदेश की पहली रामसर साइट घोषित हुआ, बेमेतरा के गिधवा-परसदा में पक्षी विहार की स्थापना की गई। पिछले दो वर्षों में वन आवरण में 94.75 वर्ग किमी की वृद्धि, 'ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट' क्षेत्र में 702 वर्ग किमी की बढ़ोतरी, देश में पहला स्थान है।

#### खनन पूरी तरह नियमों के तहत

वन मंत्री ने स्पष्ट किया कि पिछले दो वर्षों में केवल 5 खनन प्रकरणों में 1300.869 हेक्टेयर वन भूमि का नियमानुसार व्यपवर्तन किया गया है। इसके बदले 1780 हेक्टेयर में लगभग 17.8 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। सभी मामलों में एफआरए अनापत्ति, ग्रामसभा और केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद ही कार्यवाही की गई।



# प्रदेश में आरएसएस ने शुरू किया हिंदू सम्मेलन, दो हजार स्थानों पर होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। सबसे अहम हिंदू सम्मेलनों का आयोजन है। इसका प्रारंभ 11 दिसंबर से किया गया है। राजधानी रायपुर के महानगर में 131 स्थानों पर सम्मेलन होने हैं। इसमें से रामसागर बस्ती में पहला आयोजन हो चुका है।

प्रदेशभर में आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सब में सम्मेलन होंगे। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में साल भर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से किया गया। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद नवंबर में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। प्रदेश के हर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक गए और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को संघ का साहित्य भी वितरित किया गया। सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर दी गई।

### समाज को संगठित करने हिंदू सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन कराए जाएंगे। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघचालक टोप लाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा। ये सम्मेलन जनवरी में मकर संक्रांति तक होंगे।

### रायपुर महानगर में 131 स्थानों पर होंगे



### जनवरी में युवा सम्मेलन और गोष्ठी

कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 221 स्थानों पर होगा। इसमें 152 खंड और 69 नगर शामिल हैं। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो इस पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गों के प्रमुख शामिल होंगे। जैसे ऑटो, ट्रक, टैक्सी के वाहन चालक। किसान, वकील, व्यापारी इनके प्रमुखों को बुलाकर एक मंच दिया जाएगा। सभी में राष्ट्रीयता और समाज को संगठित करने की भावना जगाने का काम होगा।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती समारोह आज से

**रायपुर।** गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी संस्था के कार्यालय में सोमवार को गुरु घासीदास कॉलोनी की महिला सगठन की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दो दिवसीय 17 और 18 दिसंबर को सार्वजनिक गुरु घासीदास जयंती समारोह मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत बुधवार को महिलाओं एवं बच्चों का खेलकूद प्रतियोगिता, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं सतनाम मंगल भजन का कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास कॉलोनी स्थित उद्यान प्रांगण में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या देवी साय होंगी तथा अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे करेंगी। विशेष अतिथि महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया रहेंगी।

# भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बचे मोर्चा की कार्यकारिणी का भी होगा जल्द ऐलान

भाजपा के प्रदेश संगठन ने अपने मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान करने का सिलसिला प्रारंभ कर दिया है। पहली कार्यकारिणी के रूप में ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा मंगलवार को की गई है। आने वाले समय में अन्य मोर्चा की भी कार्यकारिणी का ऐलान किया जाएगा। प्रदेश संगठन ने सभी मोर्चा से 15 दिसंबर तक अपनी संभावित कार्यकारिणी बनाकर देने के लिए कहा था। ज्यादातर मोर्चा की संभावित कार्यकारिणी बन गई है। अब प्रदेश संगठन इन पर अंतिम फैसला कर रहा है और कार्यकारिणी का ऐलान किया जा रहा है।

ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से अपनी कार्यकारिणी का ऐलान किया है। इसमें उपाध्यक्ष-निर्देश दीवान, देवदत्त साहू, घनश्याम चौधरी, चुन्नीलाल साहू, मनोज गुप्ता, निर्मला यादव, प्रदेश महामंत्री उपाकार चंद्राकार, अशोक सिंहा, प्रदेश मंत्री बिरेंद्र सोनी, विनय साहू, किशोर देवांगन, भागवत विश्वकर्मा, नरोत्तम साहू, आशीष जायसवाल, कोषाध्यक्ष विजय जासयवाल, सहकोषाध्यक्ष किशुन यदु, प्रदेश कार्यालय प्रभारी भूपेंद्र शंकर सेन के साथ तीन सह प्रभारी बनाए गए हैं। मीडिया प्रभारी छगन साहू के अलावा पांच सह प्रभारी और सोशल मीडिया के प्रभारी भी बनाए गए हैं। इसी के साथ 69 प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और 25 आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं। संभाग के प्रभारी एवं जिलों के अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं।

## पेज 9 के शेष

### धरमनगर में आधी ....

निकले, तो उन्हें देखकर सभी आरोपी फरार गए। हालांकि लोग जेसीबी चालक को पकड़ने में कामयाब रहे। इसके बाद लोगों ने जेसीबी और चालक दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन आज सुबह मोहल्लेवासियों ने इस मामले में फरार अन्य सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने का घेराव किया, तो पता चला कि रात में जिस जेसीबी को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया था, वे थाने में ही नहीं थे। रात में ही दोनों को छोड़ दिया गया था। इसे लेकर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने थाने में जमकर हंगामा किया। हालांकि टिकरापारा थाना प्रभारी का कहना है कि जेसीबी चालक उनकी कस्टडी में है और जेसीबी को जब्ती बनाया है, लेकिन ये दोनों लोगों के घेराव के दौरान थाने में नहीं थे।

### 35 साल पुराने चबूतरे ....

की मूर्ति तोड़ दी गई। मूर्ति को जेसीबी मशीन से तोड़ने के बाद आरोपियों ने उसे रामकृष्ण हास्पिटल के पास एक मंदिर के सामने फेंका और चले गए। पुलिस ने इस क्षतिग्रस्त मूर्ति को जेसीबी चालक की निशानदेही पर रात में ही ढूंढ निकाला। इसके बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त मूर्ति के साथ चालक और जेसीबी को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई।

### इंडिगो संकट के ....

तक रायपुर समेत अन्य शहरों की फ्लाइट कैंसिल हो चुकी थी। सुबह दिल्ली से उड़ान भरकर साढ़े 8 बजे रायपुर आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसके बाद 8.45 बजे लैंड होने वाले इंडिगो के एयरक्राफ्ट का संचालन नहीं हुआ। इसके बाद दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में कुछ फ्लाइट की आवाजाही लेटलतीफी के साथ होती रही और रात 9.20 बजे आने वाली इंडिगो की दूसरी फ्लाइट को कैंसिल कर दिया। इतना ही नहीं, बीच में यानी 8.05 बजे हैदराबाद से रायपुर आने वाली फ्लाइट ने भी उड़ान नहीं भरी। विमानों के कैंसिल होने की वजह से ठंड के मौसम में कम समय में अपनी यात्रा पूरी करने की मंशा रखने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### प्लेटफार्म किनारे अस्थाई ....

यह अस्थायी थाना लगभग 2 वर्षों तक संचालित किया जाएगा। इसके बाद नए भवन के तैयार होने पर जीआरपी फिर से शिफ्ट होगी। जब तक नया भवन नहीं बनता, तब तक जीआरपी को सीमित संसाधनों और जगह में काम करना होगा, जो स्टेशन की सुरक्षा और संचालन के लिहाज से एक बड़ी चुनौती होगी।

**सुरक्षा और सुविधाओं की कमी से बढ़ीं मुश्किलें :** अस्थाई थाने की सीमित जगह के कारण जीआरपी के सभी विभागों को समाहित करना संभव नहीं हो पाएगा। फिलहाल कारागार भी नहीं बना है, जिसे जल्द ही अस्थाई रूप से बनाना पड़ेगा। प्लेटफॉर्म की शुरुआत में स्थित यह थाना पटरी के बेहद नजदीक है, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि चोरी या गिरफ्तारी के मामलों में आरोपी के भागने की स्थिति में पटरी के पास होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए जीआरपी को हमेशा अलर्ट रहना होगा।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में डिज्नीलैंड मनोरंजन मेले की धूम, मरमेड शो बना आकर्षण का केंद्र



**रायपुर।** राजधानी के लाखेनगर स्थित हिंद स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित डिज्नीलैंड मनोरंजन मेला इन दिनों शहरवासियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मेले में इंडोनेशिया और रूस से आई कलाकारों द्वारा प्रस्तुत जलपरियों (मरमेड शो) का अनोखा प्रदर्शन दर्शकों को खासा लुभा रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस शो का भरपूर आनंद ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार मेले में बच्चों के मनोरंजन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। फन जोन में लगाए गए स्क्रीम टॉवर, जायंट फ्रिस्बी, ब्रेक डांस, जायंट व्हील, ड्रैगन झूला, मिनी ट्रेन, डैशिंग कार और मिकी माउस जैसे झूले लोगों को रोमांचित कर रहे हैं। खरीदारी के शौकीनों के लिए एक्सपो सेक्शन में देशभर के कारीगरों द्वारा तैयार हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, सिल्क साड़ियां, परिधान, ज्वेलरी, फुटवियर, फर्नीचर और होम डेकोर उत्पाद उपलब्ध हैं। वहीं स्वाद प्रेमियों के लिए अलग से फूड जोन में विविध व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं। मेला प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक खुला है और बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस पर वॉकथान व वृक्षारोपण कार्यक्रम



**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के बीएसडी विभाग द्वारा वॉकथान एवं भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। 'फिट रहें-स्वस्थ रहें' संदेश के तहत वॉकथान का आयोजन मरीन ड्राइव से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया तेलीबांधा शाखा तक किया गया, जिसमें स्थानीय शाखाओं के कर्मचारियों सहित जोनल एवं क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इसके पश्चात विवेकानंद विद्यापीठ कोटा रायपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान विवेकानंद विद्यापीठ ट्रस्ट के सहयोग से 115 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में आंचलिक प्रमुख बीआर रामकृष्णन नायक, उप क्षेत्रीय प्रमुख नरेश कुमार दुबे, क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक एवं स्थानीय शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को एसबीआई ने दी 20 लाख रुपए की बीमा राशि



**रायपुर।** रायपुर निवासी स्वर्गीय राजेश त्रिपाठी (उम्र 40 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु के बाद एसबीआई जनरल इंश्योरेंस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बीमा की राशि 20 लाख रुपए का चेक उनकी पत्नी कंचन त्रिपाठी को प्रदान किया गया। इस संवेदनशील अवसर पर एसबीआई उरला शाखा के प्रबंधक नवीन वाधवानी, मुख्य प्रबंधक अंकित भूषण लाल, एसबीआई जनरल की ओर से लकी सखूजा सहित त्रिपाठी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। बीमा राशि प्राप्त होने पर मृतक के परिजनों ने एसबीआई एवं एसबीआई जनरल की त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इस सहयोग से परिवार को कठिन समय में बड़ी राहत मिली है।

### नगरी में विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स अरीना शोरूम का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** नगरी के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में एक नई पहचान जोड़ते हुए विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स के मारुति सुजुकी एरीना शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। नगरी में यह पहला कार शोरूम है, जिससे अब स्थानीय नागरिकों को नवीन मॉडल, बिक्री-सेवा, वित्तीय सहायता और टेस्ट ड्राइव जैसी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा तथा मारुति सुजुकी के वरिष्ठ अधिकारी आर. सुरेश बाबू, आसिफ कादरी, श्री शफाक और अभिनव सैगल शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह शोरूम स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर बनेगा।

### संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन का कैंसर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**रायपुर।** रायगढ़ में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा कैंसर के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कैंसर सर्जन एवं फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. यूसुफ मेमन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. मेमन ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नियमित योग, व्यायाम और संतुलित आहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और तनावमुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मेमन ने तंबाकू और उससे बने उत्पादों को कैंसर का प्रमुख कारण बताते हुए लोगों से इनके सेवन से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि तंबाकू से मुख, गला और फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ता है। कार्यक्रम में कैंसर की समय पर पहचान और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी चर्चा की गई। बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता के साथ यह कार्यक्रम सफल एवं लाभकारी रहा।



# नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद छग को मिलेगा भाजपा का नया प्रदेश प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद अब छत्तीसगढ़ के प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी मिलना लगभग तय हो गया है। नए प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति जल्द होने की संभावना है। इसका जिम्मा किसे दिया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं के पास कोई जानकारी नहीं है। इनका कहना है, जो भी होगा राष्ट्रीय संगठन तय करेगा। एक बात तय मानी जा रही है कि किसी ऐसे नेता को प्रदेश का प्रभारी बनाया जाएगा जो 2028 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका निभा सके।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने के पीछे जहां भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर का बड़ा हाथ रहा, वहीं सह प्रभारी के रूप में चुनाव के समय में काम करने वाले नितिन नवीन का भी अहम रोल रहा। विधानसभा चुनाव के बाद नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया गया था। उनके नेतृत्व में यहां पर लोकसभा के चुनावों के बाद नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव हुए तो इसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिली।

अब श्री नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है तो यह माना जा रहा है कि उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा किसी दूसरे नेता को दिया जाएगा। अब ये दूसरे नेता कौन होंगे, इसका फैसला तो राष्ट्रीय संगठन ही करेगा।

### प्रदेश भाजपा में नई नियुक्ति की संभावना



#### नबीन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले तीसरे

छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में काम करने वाले तीन नेता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। राजनाथ सिंह भी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी थे, पहले वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। पहली बार वे 2005 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। वे 2009 तक अध्यक्ष रहे। इसके बाद वे 2013-14 में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। इसके बाद जेपी नड्डा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, वे भी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी थे। श्री नड्डा को पहले 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था इसके बाद वे जनवरी 2020 में पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। अब नितिन नबीन को श्री नड्डा की तरह की कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। संभावना है कि वे आगे चलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आईपीएस प्रभात कुमार होंगे महासमुंद एसपी

**रायपुर।** राज्य शासन ने आईपीएस प्रभात कुमार को महासमुंद का एसपी नियुक्त किया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एसआईबी के एसपी प्रभात कुमार को महासमुंद का एसपी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्रीय जांच ब्यूरो में पुलिस अधीक्षक के पद पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में फिजियोथैरेपी कॉलेज का दबदबा



**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में 13 एवं 14 दिसंबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी सम्मेलन में छतीसगढ़ के एकमात्र शासकीय फिजियोथैरेपी महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का दबदबा रहा। सम्मेलन में देशभर के नौ सौ फिजियोथेरेपिस्ट एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में अमेरिका से आईं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। शासकीय फिजियोथैरेपी महाविद्यालय में प्रदर्शक पद पर कार्यरत डॉ. चानन गोयल ने वरिष्ठ वर्ग में पेपर प्रस्तुतीकरण में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्हें यंग अचीवर अवार्ड से भी नवाजा गया। डॉ. मनोज देशमुख को बेस्ट एकेडमिशियन अवार्ड से अलंकृत किया गया। डॉ. योगिता वर्मा ने साइंटिफिक सेशन में चेयरपर्सन की भूमिका निभाई। सम्मेलन में फिजियोथेरेपी महाविद्यालय के छात्रों की टीमों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं हुईं। राष्ट्रीय स्तरीय अंतर्महाविद्यालयीन रंगोली प्रतियोगिता में रायपुर कॉलेज ने प्रथम स्थान, क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय तथा समूह नृत्य प्रतियोगिता में शिव तांडव की प्रस्तुति कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### भाजपा और मोदी-शाह के षड़यंत्र का पर्दाफाश, ईडी से झूठा केस बनवाया

# नेशनल हेराल्ड केस अदालत ने किया रद्द, बैज ने कहा- सत्य की जीत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की एफआईआर को अदालत ने रद्द कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, एक बार फिर सत्य की जीत हुई। फैसले से साबित हो गया कि मोदी-शाह और भाजपा का षड़यंत्र था। हेराल्ड मामले में इस निर्णय से साफ हो गया कि कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ केस साफ तौर पर राजनीति से प्रेरित था, जो भाजपा सरकार की बढ़ती निराशा की वजह से था। कांग्रेस पार्टी पिछले 11 सालों से लगातार उसकी नाकामियों को सामने ला रही थी।

■ कांग्रेस का आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार की वोट चोरी का पर्दाफाश किया, भाजपा सरकार और उसकी एजेंसियों जिसमें ईडी भी शामिल है, के पास नए आरोप खत्म हो गए। जब तथ्य कम पड़ गए, तो नाटक शुरू हो गए, चुनिंदा मुकदमे चलाए गए, नए आरोप लगाए गए और राजनीतिक विरोधियों को हमेशा कटघरे में खड़ा रखने की एक पतली सी कोशिश की गई। उन्होंने कहा, ईडी और भाजपा के षड़यंत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी।



#### कांग्रेस आज करेगी प्रदेश भाजपा कार्यालय का घेराव

नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा का षड्यंत्र बेनकाब होने के कारण कांग्रेस ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है। कांग्रेस दोपहर 2 बजे भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर का घेराव करेगी। प्रदर्शन में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल होंगे।

### मनरेगा का नाम बदलना भाजपा की गांधीजी के प्रति दुर्भावना

महात्मा गांधी नेशनल रोजगार गारंटी मनरेगा का नाम बदलने के लिए संसद में विधेयक लाना मोदी सरकार की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति दुर्भावना को प्रदर्शित करता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नाथूराम के महिमामंडन के लिए महात्मा गांधी की पुण्य स्मृति को मिटाने का षड़यंत्र कर रही है। भाजपा सोचती है कि वह एक योजना से गांधीजी का नाम बदलकर उनको जनमानस से दूर कर लेगी, तो यह उनकी भूल है। गांधीजी भारत के जनमन में बसे हैं, भाजपा का कोई भी षड़यंत्र भारत के लिए उनके योगदान को मिटा नहीं सकता।

उन्होंने कहा, मनरेगा जन आंदोलनों से जन्मा कानून है, जो 'हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' के वादे को अपने भीतर समेटे हुए है। इसने ग्रामीण भारत के लोगों को काम मांगने का कानूनी अधिकार दिया, पूरे ग्रामीण भारत में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की, विकेंद्रीकृत शासन को मजबूत किया। महिलाओं और भूमिहीनों को सशक्त बनाया तथा लागू किए जा सकने वाले अधिकारों के माध्यम से श्रम की गरिमा को कायम रखा। उन्होंने कहा, अधिनियम से महात्मा गांधी का नाम हटाने का निर्णय भाजपा की गांधीजी के प्रति विद्वेष को दर्शाता है। गांधीजी श्रम की गरिमा, सामाजिक न्याय और सबसे गरीबों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी के प्रतीक रहे हैं। यूपीए सरकार ने महात्मा गांधी नेशनल रोजगार गारंटी (मनरेगा) के रूप में रोजगार को कानूनी गारंटी दिया था, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार नाम बदलकर बंद करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार मनरेगा को बंद करना चाहती है। मोदी सरकार ने 11 सालों में मनरेगा को पर्याप्त बजट नहीं दिया। हर साल मनरेगा के बजट में 30 से 35 प्रतिशत की कटौती की गयी है। पिछले 11 वर्षों में मनरेगा की मजदूरी में न्यूनतम वृद्धि है, जिसके कारण मजदूर वर्ग की आय स्थिर हो गयी है तथा महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है।

## हवा की नमी बना रही धुंध, शहर में भी सुबह दिख रहा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ गुरुवार के बाद फिर तापमान में गिरावट

हवा में मौजूद नमी सुबह-सुबह धुंध का कारण बन रही है। आउटर के साथ शहरी इलाकों में भी इसका प्रभाव दिख रहा है। गुरुवार के बाद हवा की दिशा में बदलाव होने से तापमान में फिर गिरावट का दौर शुरू होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य का न्यूनतम तापमान 6 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया गया है।

न्यूनतम तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव का प्रभाव सरगुजा इलाके में नहीं हो रहा है। वहां ठंड अपने शबाब पर है और आउटर इलाके में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है।

मध्य हिस्से में ठीकठाक ठंड है और भौगौलिक परिस्थितियों के हिसाब से बस्तर में अच्छी ठंड है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में आने वाली हवा अपने साथ नमी लेकर आ रही है। नमी वातावरण में मौजूद प्रदूषण को ऊपर जाने नहीं दे रहा है जिसकी वजह से आधीरात और सुबह के वक्त धुंध का माहौल बन रहा है जो सामान्य दृश्यता को कम कर रहा है। दो दिन इसी तरह का प्रभाव रहने के बाद हवा में आर्द्रता कम होने के बाद रात के तापमान में पुनः गिरावट होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य का न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 6.5 तथा रायपुर के 13.4 के बीच रिकार्ड किया गया। इसी तरह दिन का अधिकतम तापमान 31.7 जगदलपुर का रिकार्ड किया गया।

### नित्या को चिरायु योजना से मिला नया जीवन

**रायपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी करीब पांच साल की नित्या राजवाड़े जन्मजात ह्रदय रोग से पीड़ित थी। नित्या को कमजोरी, जल्दी थकान, सांस लेने में तकलीफ तथा बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सक द्वारा जांच कर जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच उपरांत जन्मजात ह्रदय रोग की पुष्टि हुई, जिसके बाद निजी हास्पिटल रेफर किया गया। आवश्यक जांच के पश्चात सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद नित्या को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। चिरायु योजना के अंतर्गत नित्या का संपूर्ण उपचार पूर्णतः निशुल्क किया गया।








# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

**खबर संक्षेप**

## पीएम श्री अरुंधती स्कूल के विद्यार्थियों को योग के लिए किया गया सम्मानित



**आरंग।** अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट स्कूल के कुछ विद्यार्थियों को बेहतरीन योग अभ्यास एवं इससे जुड़ी गतिविधियों के लिए विद्यालय स्तर सम्मानित करने की घोषणा की गई। जिसमे चहक चन्द्राकर वी, चेतना बान्ते 7वी, मनु चन्द्राकर 7वी, चेष्ठा धृतलहरे 7वी, राधिका मेहरा 7वी, आस्था 5वी आदि शामिल है। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेख धुरंधर ने इन बच्चों के साथ विद्यालय प्रबन्धन एवं योग शिक्षिक संजय यादव की सराहना करते हुए कहा कि हम सबके लिए गौरव की बात है। प्राचार्य संध्यारानी बारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह स्कूल बच्चो के लिए पढाई के साथ-साथ खेल, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि सर्वागिण विकास पर पूरा ध्यान देता है। इस वर्ष राज्य स्तरीय खेलो मे कई बच्चे विभिन्न खेलो के लिए चयनित हुए है, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। खेल शिक्षिका प्रीति साहू ने भी इन बच्चों को शुभ कामनाएँ दी है। एसएमडीसी सदस्यों एवं सभी स्टाफ ने इन बच्चों को शुभकामनाएँ दी है।

## अभनपुर में गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव 21 से

**अभनपुर।** गायत्री परिवार अभनपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन 20 से 22 दिसम्बर तक गायत्री शक्ति पीठ ब्लॉक कालोनी मैदान अभनपुर में संपन्न होगा। पीठ प्रमुख आरएस चौरसिया एवं मदन साहू ने बताया कि अलग -अलग परंपरा अनुसार विधि विधान से कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

## झेरिया साहू समाज का कार्यकारणी बैठक आज

**आरंग।** साहू संघ रीवां परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के गठन के पश्चात पहला कार्यकारणी बैठक ग्राम रीवाँ के साहू कर्मा भवन में 17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से रखा गया है। जिसमें परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित तथा मनोनीत पदाधिकारी तथा 28 गाँव के समस्त ग्रामीण पदाधिकारीयों को सादर आमंत्रण किया गया है। बैठक में समाजिक एकता, नियमावली तथा समाज के अन्य विषयों पर चर्चा किया जावेगा।

**मांग :** 16 सूत्रिय मांगों को लेकर 16 सौ श्रमिक धरने पर, बाहरी मजदूरों से काम कराने का विरोध

# पावर प्लांट के मजदूरों की हड़ताल 9वें दिन भी जारी, श्रम न्यायालय ने 6 माह के लिए लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा रायखेड़ा के अदानी पावर कंपनी में कार्यरत मजदूरों के द्वारा अपनी 16 सूत्रिय मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल मंगलवार 9 वें दिन भी जारी रही। मजदूरों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारी हड़ताल चलती रहेगी।

उधर मजदूरों की हड़ताल को लेकर आसपास के गांव में रहने वाले ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हड़ताली मजदूरों से प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की कोई बात अथवा वार्ता नहीं की जा रही है। और मजदूरों को बाहर से बुलाकर फैक्ट्री में काम कराया जा रहा है। मजदूर नेता डोगेंद्र नारंग ने ने कहा कि मैनेजमेंट की हठधर्मिता के कारण मजदूरों से कोई बात नहीं की जा रही है। मजदूरों ने कहा कि हम नौ दिनों से फैक्ट्री के सामने चिचोली गांव की जमीन पर 1600 ठेकेदार मजदूर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 10 साल से मजदूर रेगुलर काम कर रहे हैं बावजूद अभी तक परमानेंट नहीं किया गया है। एटक यूनियन के उपाध्यक्ष गोवर्धन पाल ने कहा कि हमारी मांगों में कोई गैरवाजिब मांग नहीं है। हम जो मांग कर रहे हैं वे नियमानुसार है। बावजूद प्रबंधन मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को भत्ता देने का प्रावधान है, लेकिन यहां इसका लाभ मजदूरों को नहीं मिल रहा है। इसी तरह शिक्षा भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है इसके अलावा और कई सुविधाएं देने का प्रावधान है जो श्रमिकों के हितों से जुड़ी हुई है।लेकिन मजदूरों को नहीं दी जाती है। रायखेड़ा सरपंच दिनेश वर्मा ने कहा कि अभी मजदूर हड़ताल पर बैठ रहे हैं। और कंपनी के द्वारा बाहर से मजदूरों को बुलाकर काम कराया जा रहा है। जिससे आसपास के ग्रामीणों में काफी रोष है।उन्होंने कहा इस ब्लाक के सभी जनप्रतिनिधी मजदूरों के साथ है ..ग्रामीणों ने कहा कि ज्यादातर मजदूर ने अपनी जमीन ने कंपनी के पास बेची है। जमीन खरीदी के समय किसानों को आश्वासन दिया गया था कि उनके परिजनों को काम दिया जाएगा। काम दिया जा रहा है लेकिन मजदूरों को सुविधाए देने की बजाय उनका का शोषण अधिक किया जा रहा है। अगर इसी तरह कंपनी मजदूरों के साथ व्यवहार करती रही तो मजदूरों का यह आंदोलन बड़ा रूप ले सकता है।

### मजदूरों का रुख

विरोध प्रदर्शन में, दास जी साहू प्रदेश महासचिव रास्ट्रीय उपभोक्ता सरक्षणफोरम नरेंद्र मोदी मंच ने समर्थन देते हुए कहा कि मजदूरों इस लड़ाई मै मजदूर भाइयो को समर्थन देता रहूंगा। धरने में सभी मजदूर नेता गोविंद कौशल, प्रेमलाल वर्मा, संतोष सिंह, हेमंत वर्मा, आशीष धीवर, शेखर चंद्रवंशी, राजू लाल श्रेष्ठ ,जुगल किशोर मिश्रा विशेष रूप से धरने में शामिल हुए। यूनियन के नेताओं ने बताया कि प्रबंधन की ओर से आज पहली बार कंपनी से जानकारी दी गई कि हमारी हड़ताल पर 6 महीने के लिए स्टे लगा दिया गया है। मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन की ओर से इस तरह की बातें बताकर हमें दरार जा रहा है लेकिन मजदूर डरने वाले नहीं है। इस बार आश्वासन से नहीं निर्णय होने के बाद ही मजदूर अपनी हड़ताल समाप्त करेंगे।

### अगली सुनवाई 2 जनवरी को

उधर प्रबंधन की और से धरना स्थल पर आकर बतया गया की 16 दिसम्बर 2025 श्रम न्यायालय रायपुर ने अदाणी पावर लिमिटेड से जुड़े औद्योगिक विवाद मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। न्यायालय ने श्रमिक संघ द्वारा 08 दिसम्बर 2025 से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को छह माह तक या अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया कि अदाणी पावर लिमिटेड विद्युत उत्पादन एवं वितरण के कार्य में संलग्न है और छत्तीसगढ़ के साथ गुजरात एवं केरल राज्यों को भी बिजली आपूर्ति करता है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अनुसार न्यायालय में मामला लंबित रहने के दौरान हड़ताल प्रतिबंधित है। दोनों पक्षों के तर्कों और दस्तावेजों के आधार पर न्यायालय ने माना कि हड़ताल जारी रहने से जनहित प्रभावित हो सकता है। अंतरिम आदेश के तहत हड़ताल को छह माह तक या अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। श्रमिक संघ को निर्देशित किया गया है कि वे इस अवधि में किसी भी प्रकार की हड़ताल, कार्य बहिष्कार या अवरोध नहीं करेंगे। साथ ही दोनों पक्षों को लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। अगली सुनवाई 02 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है।

### मांग पूरी होने तक देंगे धरना

हम न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी प्राथमिकता जनहित और कानूनी प्रक्रिया का पालन करना है। दूसरी तरफ मजदूर नेता डोगेंद्र नारंग नेबताया की हमारी हड़ताल जरी है जब तक हमारी मांगे नहीं मनी जाएगी हम काम पर नहीं लौटगे हम शांति पूर्वक धरना देते रहेगे।

## आरंग ब्लॉक में निकली सतनाम संदेश शोभायात्रा



**आरंग।** गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सतनामी समाज आरंग ब्लॉक द्वारा भव्य एवं विशाल सतनाम संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सतनामी समाज के गुरु एवं छत्तीसगढ़ शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री माननीय गुरु खुशवंत साहेब ने गुरु धर्म का निर्वहन करते हुए विशेष रूप से शामिल होकर समाजजन का अभिवादन स्वीकार किया और सभी को आत्मीय शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः स्मरणीय परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी एवं सेतखाम की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने बाबा जी के चरणों में नमन करते हुए समस्त मानव समाज के सुख, समृद्धि एवं वैभवपूर्ण जीवन की मंगलकामनाएं कीं। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के अमर उपदेश आज भी समाज को सत्य, अहिंसा और समानता के पथ पर अग्रसर करने में प्रेरणास्त्रोत हैं। शोभायात्रा में गुरु खुशवंत साहेब ने गुरुवाणी के माध्यम से सभी समाजबंधुओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बाबा जी का संदेश केवल एक समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग गुरु विचारों को आत्मसात कर सत्य, करुणा और समभाव के पथ पर चलें तथा इस अलौकिक संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। साथ ही उन्होंने शिक्षा और संस्कार के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्तम संस्कार ही मानव जीवन का मूल मंत्र हैं।

# अशोक सिन्हा बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री, धरसींवा में हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के गठन की प्रक्रिया तेजी से जारी है। इसी क्रम में आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की गई। भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी की अनुशंसा एवं भाजपा संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी की सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक साहू जी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इस घोषणा में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय नेता श्री अशोक सिन्हा को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। पार्टी संगठन ने उनकी निरंतर सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। श्री अशोक सिन्हा की नियुक्ति की खबर मिलते ही धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया है। क्षेत्र की जनता और पार्टी कार्यकर्ता उन्हें एक जुझारू, संघर्षशील और जमीन से जुड़े नेता के रूप में जानते हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी मजबूत पकड़ और आमजन से सीधा संवाद उनकी पहचान रहा है, जिसका लाभ पार्टी को निरंतर मिलता रहा है।

इस नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा नेता सूरज टंडन ने कहा कि पार्टी संगठन ने धरसींवा क्षेत्र के समर्पित कार्यकर्ताओं और जनमानस की भावनाओं का सम्मान करते हुए एक योग्य और कर्मठ कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इससे निश्चित रूप से संगठन को मजबूती मिलेगी और पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कार्य और अधिक प्रभावी होगा। श्री अशोक सिन्हा की नियुक्ति पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में चंद्रशेखर वर्मा, गोकुल छेतीजा, गोपाल अग्रवाल, सूरज टंडन, रामेश्वर वर्मा, राजेन्द्रपुरी गोस्वामी, पुरुषोत्तम यादव सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशभर में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। वहीं, अपने नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री अशोक सिन्हा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा पिछड़ा वर्ग समाज के उत्थान और पार्टी को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## रायपुर संभाग के खिलाड़ियों के घर वापसी किराए को लेकर सौंपा ज्ञापन



**आरंग।** शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ जिला इकाई रायपुर द्वारा बृजभूषण सिंह, सचिव के नेतृत्व में संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग को प्रदेश में होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता उपरांत घर वापसी का किराया प्रदान करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। बताया गया कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उपरांत घर वापसी हेतु किराया प्रदेश के चारों संभागों में प्रभावी रूप से लागू है, जो खिलाड़ियों के हित में सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। इससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है तथा आर्थिक भार भी कम होता है। ऐसे में अन्य चारों संभागों में यह सुविधा उपलब्ध होना और रायपुर संभाग के खिलाड़ियों का इससे वंचित रहना एक अनुचित असमानता उत्पन्न करता है।

# सीएम के न आने से धीवर समाज आहत, आरंग में परिचय सम्मेलन के बाद समाज में आक्रोश



**आरंग।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा के तत्वावधान में 7 दिसंबर को स्व. विष्णुप्रसाद हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों से आए 300 युवक एवं 425 युवतियों ने पंजीयन कराया जिनमें से 500 ने मंच पर अपना परिचय दिया। 30 जोड़ों की काउंसलिंग की गई। जिसके रिश्तों में परिवर्तित होने की पूरी संभावना है। प्रदेश स्तरीय आयोजन को सफल बनाने के लिए धमतरी परगना के युवा, महिला, पुरुष पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों, वार्ड पंचों तथा पूरे समाज ने दो माह तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर तथा धमतरी में ही प्रत्येक वार्ड और घर-घर जाकर आयोजन का प्रचार प्रसार किया। पूरे समाज ने तन-मन-धन से अथक मेहनत करके आयोजन की तैयारी में रात-दिन एक कर दिया। इस सम्मेलन के मुख्य आतिथ्य के लिए महापौर की अगुवाई में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रत्यक्ष भेंट कर मुख्यमंत्री से आग्रह किया। सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी करवाया गया। मुख्यमंत्री ने आने की स्वीकृति भी प्रदान की थी। परन्तु आखिरी समय पर मुख्यमंत्री के नहीं आने की सूचना से पूरा धीवर समाज अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। समाज की घोर उपेक्षा किए जाने से समाज में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा के संरक्षक एवं धमतरी परगना के महासंरक्षक संरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक जगन्नाथ सरपार, संरक्षक सेवक राम तारक, संरक्षक रामकुमार धीवर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर, प्रदेश महासचिव रामलाल पेंडरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष पवन कुमार धीवर, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम धीवर, प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ बसंत निषाद, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संध्या हिरवानी, लक्ष्मी पेंडरिया, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि समाज की भावनाओं की प्रदेश के मुखिया द्वारा अनदेखा किए जाने से पूरा 33 परगना अध्यक्षो धीवर समाज आहत हुआ है। समाज द्वारा निर्णायक कदम उठाने का मन बनाया जा रहा है।

# भू संरक्षणम और कल्याणनाथ समिति ने कैंसर मरीजों के लिए किया रक्तदान



**अभनपुर।** नवा रायपुर स्थित पर्यावरण संरक्षण संस्था भू संरक्षणम फाउंडेशन एवं कल्याणनाथ जन सेवा समिति ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवकों ने बालको मेडिकल सेंटर में देश के दूर-दराज क्षेत्रों से उपचार के लिए आए कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए 11 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया। यह रक्तदान विशेष रूप से उन मरीजों के लिए किया गया, जो अन्य राज्यों से इलाज कराने आए हैं और जिनके साथ रक्तदान करने हेतु कोई परिजन उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही इस अवसर पर भू संरक्षणम फाउंडेशन एवं कल्याणनाथ जन सेवा समिति के स्वयंसेवकों ने ग्राम नवागांव खपरी, राखी एवं आसपास के वंचित परिवारों में लगभग 200 गर्म कपड़ों का वितरण किया। वितरण में बच्चों के लिए स्वेटर-पैंट तथा बड़ों के लिए कंबल व अन्य गर्म वस्त्र शामिल रहे। संस्थाओं के स्वयंसेवकों द्वारा बीते छह वर्षों में हजारों पौधों का रोपण किया गया, जो आज हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण को शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा इस वर्ष ही स्वयंसेवकों द्वारा 50 से 55 यूनिट विभिन्न रक्त समूहों का रक्तदान किया गया है, जिससे छोटे बच्चों से लेकर जरूरतमंद मरीजों तक को लाभ मिला है। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. वारा प्रसाद कोला, संस्थापक पवन तिवारी (भू संरक्षणम फाउंडेशन) सहित टिकेश्वर साहू, हिमांक साहू, सूरज सेन, आलोक जायसवाल, उज्ज्वल कुमार, संस्कारी सिंह, विक्रम, अभिषेक कुमार एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# अभनपुर क्षेत्र में अवैध मुरुम उत्खनन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



अभनपुर क्षेत्र मे खनिज विभाग व राजस्व विभाग की मिलीभगत से बड़े झाड़ का जंगल व चारागाह की समतल भूमि को मुरूम माफियाओ द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है, गौरतलब है कि ग्राम कठिया मे खसरा नंबर 1436 मे खनिज विभाग द्वारा अनुज्ञा जारी किया गया है जबकि खसरा नंबर 1555 मे मुरूम उत्खनन किया जा रहा है वह भूमि मे इमारती लकड़ी व बड़े झाड़ जंगल रिकार्ड मे दर्ज है इसी तरह ग्राम पंचायत ठेलकाबांधा मे एक छोटे से तालाब के गहरीकरण का प्रस्ताव लेकर चराई की समतल भूमि मे बड़े पैमाने पर मुरूम उत्खनन किया जा रहा है,अवैध मुरूम उत्खनन माफिया गांव के सीधे साधे लोगो के नाम पर खदान को आबंटित कराकर 5 हजार घनमीटर की रायल्टी के स्थान पर 50 हजार घनमीटर निकाला जा रहा है, इस खेल मे राजस्व निरीक्षक की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहती है, खनन के लिए प्रस्तावित उक्त भूमि का पटवारी प्रतिवेदन मे आवेदक की अंचल संपत्ति का विवरण देना रहता है जिससे किसी प्रकार की अनिमियत्ता होने पर उससे राजस्व की वसूली की जा सके जबकि जिन व्यक्तियो की नाम से खदान आबंटित हुई है उनके पास ट्रेक्टर,ट्राली तक नही है गांव के सीधे-साधे आदमी को ढाल बनाकर बड़े पैमने पर उत्खनन किया जा रहा है,पटवारी प्रतिवेदन मे उत्खनन पट्टा हेतू दी जा रही भूमि का चारो दिशा मे चिन्हाकित कर चौहद्दी नक्शा व आबादी चराई, श्मशान,खलिहान, आमरारास्ता, बड़े छोटे झाड़ का जंगल अथवा निस्तार के लिए आदि विषयों को पटवारी प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख करना होता है लेकिन पटवारी प्रतिवेदन में यह सब जानकारी छिपाई जा रही है जिसके चलते बड़े छोटे झाड़ के जंगल, चराई भूमि,घास भूमि व बेशकीमती समतल भूमि को खोदाई कर मुरूम माफिया निजी लाभ ले रहे है, 12 घनमीटर की रायल्टी लेकर 18 चक्का ट्राला में मुरूम का परिवहन किया जा रहा है जिससे ग्रामीण सडक़े टूट बड़े बड़े गढ्ढों में तब्दील हो रही है, अनेकों बार शिकायत क बावजूद खनिज विभाग नियमों का अनदेखी कर रहा है।

## हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर आरंग के शिवसैनिक जंतर-मंतर रवाना



**आरंग।** छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा हिन्दू राष्ट्र, गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, धर्मांतरण पर कड़ा कानून एवं रोहिंग्या भगाओ—देश बचाओ की मांग को लेकर राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर 17 दिसंबर को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस धरना-प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर से शिवसैनिक शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में आरंग नगर के शिवसैनिक भी रायपुर जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव के नेतृत्व में रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दल में व्यास सोनकर, शत्रुघ्न सोनकर, बादल निषाद, सागर पटेल, विराज लोधी, कोमल यादव, जितेंद्र निषाद, कमलेश निर्मलकर, मानस लोधी एवं भुनेश्वर लोधी शामिल हैं।

# संगठन के संकट मोचन के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रहित के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी : नितिन अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन से छत्तीसगढ़ के धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान नेता एवं ब्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह सयोजक श्री नितिन गौरी शंकर अग्रवाल ने मंगलवार को दिल्ली स्थित बिहार सदन में सौजन्य भेंट की। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर उन्हें उनके महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व संभालने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उनका अभिनंदन किया।

मुलाकात के दौरान श्री नितिन अग्रवाल ने विशेष रूप से नव भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन को भगवान बजरंगबली हनुमान जी का प्रतीक झंडा भेंट किया जो संगठन के प्रति उनके अटूट समर्पण और समर्पण के लिए भेंट किये, भेंट के पश्चात श्री नितिन गौरी शंकर अग्रवाल ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए श्री नितिन नबीन के संगठनात्मक कौशल की प्रशंसा की। श्री अग्रवाल ने कहाः /"माननीय कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी का संगठन के प्रति अटूट समर्पण, निरंतर सतत सक्रियता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनका जीवंत एवं सहज संवाद ही हमारी पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति को निरंतर सशक्त बनाता है। वह जमीन से जुड़े नेता हैं, जो हर कार्यकर्ता को प्रेरित करते हैं।

### सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित का संकल्प

श्री नितिन अग्रवाल ने अंत में यह विश्वास व्यक्त किया कि श्री नितिन नबीन के प्रेरक नेतृत्व और कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी अपने मूल सिद्धांतों—'सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित' के संकल्प के साथ—और भी अधिक मजबूती और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रीय पटल पर आने से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में बीजेपी के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह का संचार हुआ है। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब बीजेपी आगामी संगठनात्मक चुनौतियों और चुनावी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, और श्री नितिन नबीन की नियुक्ति को पार्टी के लिए एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- पी2ए-254 को श्री अनिल कुमार सिंह पिता स्व. श्री जयमंगल सिंह, निवासीः- 41/239 सिंह दवार, ककाली पारा, ब्रम्हाण पारा, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) के नाम स्वविित्तय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.02.2012 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्री अनिल कुमार सिंह पिता स्व.श्री जयमंगल सिंह की मृत्यु दिनांक 29.11.2018 को हो गया है। श्रीमती गायत्री सिंह पति स्व श्री अनिल कुमार सिंह ने अपने पति श्री अनिल कुमार सिंह पिता स्व. श्री जयमंगल सिंह की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्रीमती गायत्री सिंह पति स्व श्री अनिल कुमार सिंह के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सरिता अग्रवाल पति श्री संजय अग्रवाल पिता संतोष अग्रवाल, निवासी-झीलमिला, सराईपाली, जिला महासमुन्द छ.ग. की माता स्व. मोहनी बाई अग्रवाल पति श्री संतोष अग्रवाल के नाम से शासकीय भूमि पर निर्मित म.क. - RPR653G00080 शिव नगर, शिवाजी चौक के पास, वार्ड क्र.-59, मठपुरैना, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग. पर स्थित है। उक्त मकान के दो वैध वारिसान पुत्री - सरिता अग्रवाल व पुत्र - सुनील अग्रवाल मात्र है। उक्त मकान के हिस्से / बंटवारा हेतु वाद लंबित है जिसे अवैध रूप से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है।

हमारे उक्त मकान के संबंध में बिक्री, रहन, गिरवी, वसीयत, दान इत्यादि किसी प्रकार का संव्यवहार व लेन-देन न करे। उसके बाद भी कोई व्यक्ति, संस्थान, निकाय व आम जनता या वारिसानगण उपरोक्त भूमि/ मकान के संबंध में कोई लेन-देन, खरीदी-बिक्री, रहन-गहन, वसीयत, दान या किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह पूर्णतः गैरकानूनी, अवैधानिक होकर नाजायज व झूठा माना जायेगा। तत्संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय व आम जनता को कोई आपत्ति दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन होने के 10 दिनों के अंदर मय दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, म्याद अवधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 16.12.2025

**भवदीय**
**राजकुमार गिरी, अधिवक्ता**
**भैरव नगर, मठपुरैना, रायपुर छ.ग.**
**मो. - 9300311322**

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी तिल्दा जिला रायपुर छ.ग.

**// शपथ पत्र //**

मैं मंसूर बेग मिर्जा उम्र 77 वर्ष पिता श्री रहम बेग मिर्जा निवासी वार्ड क्र. 10, महामाया पारा, ताज नगर, नेवरा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि मैं निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ ।
2. यह कि मुझे अपने एवं अपने पिता के नाम के संबंध में सही जानकारी देना है जिसके लिए यह शपथपत्र की आवश्यकता हुई है।
3. यह कि मेरा एवं मेरे पिता का वास्तविक व सही नाम मंसूर बेग मिर्जा पिता श्री रहम बेग मिर्जा है जो कि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों जैसे मेरे समस्त अंकसूची तथा पासपोर्ट नं. J7139636 में एवं अन्य दस्तावेज में उक्त नाम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है परंतु मेरे परिचय पत्र जिसका क्र. SDN2770394 में मेरा नाम मंसूर बेग मिर्जा पिता श्री रहम बेग तथा आधार कार्ड क्र. 4451 1470 5309 में मंसूर बेग मिर्जा पिता श्री रहीम बेग मिर्जा तथा मेरे स्वामित्व की भूमि ग्राम नेवरा में स्थित भूमि जिसका ऋण पुस्तिका क्र. डी/17308 जिसके राजस्व अभिलेख में मंसूर बेग पिता रहीम बेग तथा सिमगा में स्थित भूमि जिसका ऋण पुस्तिका क्र. जी/437554 के राजस्व अभिलेख में मंसूर बेग पिता रहमान बेग नाम दर्ज है जो कि मेरा एवं मेरे पिता का ही नाम है।
4. यह कि उक्त नाम मंसूर बेग मिर्जा पिता श्री रहम बेग एवं मंसूर बेग मिर्जा पिता श्री रहम बेग मिर्जा एवं मंसूर बेग मिर्जा पिता श्री रहीम बेग मिर्जा एवं मंसूर बेग पिता रहीम बेग एवं मंसूर बेग पिता रहमानं बेग मेरे स्वंय एवं मेरे पिता के ही नाम है तथा मुझे एवं मेरे पिता को उक्त नाम से जाना पहचाना एवं संबोधित किया जाता है जिसके संबंध में उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत है।
5. यह कि शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है इस संबंध में जो भी नियम व शर्ते होगा उसे मैं पालन करने के लिए बाध्य रहूंगा तथा मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है अगर भविष्य में दी गई जानकारी झूठा एवं असत्य पाई जाता है तो मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक का कथन मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण सत्य एवं सही है तथा किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है जिसे पढ़कर, सुनकर, समझकर आज दिनांक 16/12/2025 को मुकाम तिल्दा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ ।

**शपथकर्ता**

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती अर्चना बोनीफेस उम्र 45 वर्ष पति श्री जॉर्ज बेनिफेस निवासी वार्ड नं. 20 देवा मोहल्ला तिल्दा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि मैं निम्नलिखित कथन शपथ पत्र पर प्रस्तुत करता हूं किः-
1. यह मैं उक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मुझे अपने पुत्र के जन्मतिथि एवं अपने नाम के संबंध में सही जानकारी देना है जिसके लिये शपथपत्र की आवश्यकता हुई है।
3. यह कि मेरा नाम अर्चना बोनीफेस एवं पुत्र का जन्मतिथि 07/10/2007 है जो कि मेरे पुत्र जॉनसन बोनीफेस के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों आधार कार्ड जिसका क्रमांक 2137 2284 0378 में एवं अन्य दस्तावेजों में नाम दर्ज है जो सत्य एवं सही है परन्तु मेरे पुत्र जॉनसन बोनीफेस के दसवीं के मार्कसीट में मेरा नाम अर्चना जॉर्ज बोनीफेस एवं मेरे पुत्र जॉनसन बोनीफेस का जन्मतिथि 07/10/2010 है जो कि लिपकीय त्रुटिवश दर्ज करा दिया गया है जो कि मेरे एवं मेरे पुत्र का ही नाम एवं जन्मतिथि है।
4. यह कि उक्त मेरे नाम अर्चना जॉर्ज बोनीफेस एवं मेरे पुत्र जॉनसन बोनीफेस का जन्मतिथि 07/10/2010 के स्थान पर अर्चना बोनीफेस एवं पुत्र का जन्मतिथि 07/10/2007 को दर्ज किया जावें जिसके संबंध में शपथ पत्र की आवश्यकता हुई है।
5. यह कि उक्त संबंध में यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष उचित कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है, इस संबंध में समस्त नियम व शर्तें होगी मुझे मान्य है तथा मेरे द्वारा दी गयी समस्त जानकारी सत्य एवं सही है। किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है। भविष्य में किसी भी तथ्य को गलत पाया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उक्त शपथकर्ता हस्ताक्षर कर यह सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त उल्लेखित कंडिका 1 से लेकर 5 तक में तथ्य मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण सत्य व सही है, अतः आज दिनांक 15/12/2025 को मुकाम तिल्दा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

**सत्यापनकर्ता**

# रविवि देगा प्राध्यापकों को ट्रेनिंग, बताएगा नए ट्रिक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शार्ट टर्म प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राध्यापकों को अध्ययन-अध्यापन संबंधित नए तकनीक समझाए जाएंगे। रविवि के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में 16 दिसंबर से 23 दिसंबर तक यह शार्ट टर्म प्रोग्राम चल रहा है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर कल्चरल स्टडीज, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर की मदद ये उच्च शिक्षा से जुड़े अध्यापकों और फैकल्टी मेंबर को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नए प्रणालियों और अनुसंधानों से परिचित कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्राध्यापकों को अपडेट करना है ताकि वे विद्यार्थियों को नवीन तकनीक के जरिए शिक्षा प्रदान कर सकें।

- इंटरनेशनल सेंटर ऑफ कल्चरल स्टडीज की सहायता से संचालन

## आध्यात्मिकता और भौतिक प्रगति का समन्वय

रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की मानव सभ्यता की सबसे प्राचीन परंपराओं में से एक है। भारतीय दर्शन पहले भी और आज भी विश्व में सर्वाधिक मान्यता प्राप्त है। इंटरनेशनल सेंटर ऑफ कल्चरल स्टडीज नई दिल्ली के श्री रविशंकर ने भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय दर्शन के महत्व को वर्तमान जीवन शैली और आधुनिकता के संदर्भ में प्रतिपादित किया। रविवि के प्राचीन भारतीय इतिहास और आर्कियोलॉजी विभाग के नितेश मिश्रा ने भारतीय दर्शन पाश्चात्य प्रभाव और पारंपरिक ज्ञान के बीच संतुलन बनाते हुए 'स्वदेशी आधुनिकता' की खोज का महत्व बताया। आध्यात्मिकता और भौतिक प्रगति का समन्वय किस तरह से किया जाए, इसके संदर्भ में भी प्राध्यापकों को जानकारी दी गई।

# खुले में कचरा जलाने पर निगम को कार्रवाई के लिए पर्यावरण मंडल ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर ने घरेलू कचरे (नगरीय ठोस अपशिष्ट) को खुले में जलाने (स्थल डीपारडीह सरोना, कबीर नगर सेलिब्रिटी होम्स सोसाइटी के पास तथा महोबा बाजार रेलवे ब्रिज के समीप) के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई एवं रोड के डिवाइडर से गिरने वाली तथा डिवाइडर वॉल से सड़क पर गिर कर जमे हुए डस्ट, जिससे यातायात के दौरान होने वाली धूल के नियंत्रण के लिए नियमित साफ सफाई, जल छिड़काव, स्वीपिंग किए जाने बाबत नगर पालिक निगम रायपुर को पत्र लिखा है। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सरोरा, लोहा बाजार डीपारडीह, सोनडोंगरी, सड्डू आमासिवनी एवं आसपास रहवासी क्षेत्र में संचालित पारंपरागत बंगला भट्टा, हाथ भट्टा, पंजा भट्टा (लाल ईंट भट्टा, बिना चिमनी) को नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहवासी बस्तियों के समीप प्रतिबंधित करने की कार्रवाई हेतु नगर निगम, रायपुर, बीरगांव तथा उप संचालक, खनिज विभाग, रायपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार जनवरी 2025 से नववंर 2025 की अवधि में कच्चे माल, उत्पाद, ठोस अपशिष्टों आदि का उपयुक्त प्रकार से तारपोलिन से कवर किए बिना परिवहन करने वाले कुल 47 उद्योगों, संस्थानों के विरुद्ध रुपए 21,81,574 रुपए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है।

- धूल पर नियंत्रण के लिए भी कहा गया

## उद्योगों पर की गई कार्रवाई

उक्त अवधि में रायपुर के औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा, बीरगांव, सरोरा एवं आसपास के क्षेत्र में स्थापित एवं संचालित उल्लंघनकारी उद्योगों के विरुद्ध जनवरी 2025 से नवंबर 2025 की अवधि में, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 के प्रावधानों के तहत कुल 23 प्रदूषणकारी उद्योगों के विरुद्ध नोटिस, 24 उद्योगों के विरुद्ध उत्पादन बंद करने विद्युत विच्छेदन के निर्देश जारी करने की कार्रवाई की गई है।

# नितिन नबीन से दिल्ली में मिले प्रदेश के भाजपा नेता, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मंगलवार को राज्य अक्षय ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सवन्नी, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राज्य पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष नीलू शर्मा और भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय ने दिल्ली में भेंट कर उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाए व्यक्त की। इस दौरान प्रदेश के भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के रूप में श्री नबीन के कार्यकाल को कार्यकर्ताओं से जीवंत संपर्क, संगठन कौशल व ऊर्जावान नेतृत्व का प्रतीक बताते हुए कहा, श्री नबीन की नियुक्ति से छत्तीसगढ़ के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभिभूत हैं। इधर राजनांदगांव के सांसद और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय ने भी श्री नबीन से मुलाकात कर उनको बधाई दी।

## // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- पी2ए-254 को श्री अनिल कुमार सिंह पिता स्व. श्री जयमंगल सिंह, निवासीः- 41/239 सिंह दवार, ककाली पारा, ब्रम्हाण पारा, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.02.2012 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्री अनिल कुमार सिंह पिता स्व.श्री जयमंगल सिंह की मृत्यु दिनांक 29.11.2018 को हो गया है। श्रीमती गायत्री सिंह पति स्व श्री अनिल कुमार सिंह ने अपने पति श्री अनिल कुमार सिंह पिता स्व. श्री जयमंगल सिंह की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्रीमती गायत्री सिंह पति स्व श्री अनिल कुमार सिंह के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सरिता अग्रवाल पति श्री संजय अग्रवाल पिता संतोष अग्रवाल, निवासी-झीलमिला, सराईपाली, जिला महासमुन्द छ.ग. की माता स्व. मोहनी बाई अग्रवाल पति श्री संतोष अग्रवाल के नाम से शासकीय भूमि पर निर्मित म.क. - RPR653G00080 शिव नगर, शिवाजी चौक के पास, वार्ड क्र.-59, मठपुरैना, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग. पर स्थित है। उक्त मकान के दो वैध वारिसान पुत्री - सरिता अग्रवाल व पुत्र - सुनील अग्रवाल मात्र है। उक्त मकान के हिस्से / बंटवारा हेतु वाद लंबित है जिसे अवैध रूप से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है।

हमारे उक्त मकान के संबंध में बिक्री, रहन, गिरवी, वसीयत, दान इत्यादि किसी प्रकार का संव्यवहार व लेन-देन न करे। उसके बाद भी कोई व्यक्ति, संस्थान, निकाय व आम जनता या वारिसानगण उपरोक्त भूमि/ मकान के संबंध में कोई लेन-देन, खरीदी-बिक्री, रहन-गहन, वसीयत, दान या किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह पूर्णतः गैरकानूनी, अवैधानिक होकर नाजायज व झूठा माना जायेगा। तत्संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय व आम जनता को कोई आपत्ति दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन होने के 10 दिनों के अंदर मय दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, म्याद अवधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 16.12.2025

**भवदीय**
**राजकुमार गिरी, अधिवक्ता**
**भैरव नगर, मठपुरैना, रायपुर छ.ग.**
**मो. - 9300311322**

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

Shree Shivam Steel Enterprises
MO:- 9713234611, 9926907736, 9630491800
Add. Shop No 05, In Front Of Theresian School, Kandul Road, Boriya Khurd- Raipur
Rose Gold Railing
Golden color Railing
Aluminium Profile
Steelness Glass Railing
Normal Railing
Slim Profile, Domal Window
Bathroom Shower
12mm Glass Partition
Vadruf, Aluminium Window

गंजेपन से पाएं आजादी
सिर्फ 1 घण्टे में
राजगढ़ द ब्यूटी सलोन एवं हेयर विग सेंटर
(पुरूष एवं महिला के लिए)
● Hair Patch ● Hair Extension ● Hair Wig ● Hair Topper
पहले बाद में
पता: राधा कृष्ण मंदिर के पास, टिकरापारा थाना, मेन रोड, छत्तीसगढ़ नगर, रायपुर, मो. 9926943380

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

We Care Today... Tomorrow... for Life
जब बात हो सेहत की तो चुने केवल बेस्ट
वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
अनुभव और आधुनिकता का संगम
हरिभूमि समूह को स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH YEARS
उपलब्ध सुविधाएं...
ट्रॉमा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग
एडवांस आर्थोपेडिक विभाग
घुटना, कूल्हा एवं जोड़ प्रत्यारोपण
न्यूरो एवं स्पाईन सर्जरी
न्यूरोलॉजी विभाग
यूरोलॉजी एवं स्टोन क्लीनिक
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
जनरल मेडिसीन
बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
श्वास एवं छाती रोग
मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग
आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
कोल इंडिया लिमिटेड (SECL), केंद्र सरकार (CGHS), FCI, DRDO, ONGC, CSPDCL, आर्म्ड फोर्स (CAPF, CRPF इत्यादि) के कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त के CASHLESS ईलाज की सुविधा उपलब्ध।
सभी प्रमुख बीमा कंपनियों एवं TPA से CASHLESS ईलाज की सुविधा उपलब्ध
गोपबंधु जन आरोग्य योजना (GJAY) ओड़िशा
राज्य सरकार के कर्मचारियों के ईलाज के लिए मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल
*T&C APPLY
जी.टी.बी. प्लॉजा, एयरटेल ऑफिस के पास, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
Emergency No. : +91 91091 78901 | 0771 - 4024901
Web. : www.wecarehospitalraipur.com | Emial : wecarehospitals@gmail.com
ADITYA ADVT.


SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
रोबोटिक नी जॉइंट रिप्लेसमेंट
NABH
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
छत्तीसगढ़ में पहली बार
1200+
सफल रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी
अब घुटनों का इलाज सटीक, सुरक्षित और आधुनिक रोबोटिक तकनीक के साथ।
रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के फायदे:
मिनिमल इनवेसिव सबवास्टस (छोटी चीरा) तकनीक – छोटा कट, जल्दी रिकवरी
100% प्रीसिजन के साथ सटीक बोन कटिंग – बेहतरीन सर्जिकल एक्यूरेसी
लॉन्ग-लाइफ़ रिज़ल्ट्स – परफेक्ट एलाइन्मेंट और बेहतर टिश्यू बैलेंसिंग
कम दर्द वाली तकनीक – एडडक्टर कैनाल ब्लॉक से बेहतर पेन मैनेजमेंट
स्वर्णिम जीवन का वादा – गोल्ड स्टैंडर्ड नी रिप्लेसमेंट अब रोबोटिक्स के साथ
हमारे अनुभवी जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन्स
डॉ. सुनील खेमका
हेड, ऑर्थोपेडिक्स
डॉ. प्रितम अग्रवाल
रोबोटिक & आर्थ्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. अम्बरीश वर्मा
M.S. (ऑर्थो)
डॉ. राम खेमका
M.S. (ऑर्थो)
डॉ. प्रदीप पटेल
M.S. (ऑर्थो)
कैशलेस सुविधा उपलब्ध:
आयुष्मान भारत योजना, CGHS, SECR, SECL, ESIC, SAIL, CSEB, FCI समेत सभी इंश्योरेंस व कॉर्पोरेट कंपनियाँ मान्य।
www.snh.org.in
मंडी रोड, गंज मंडी के पास, पंडरी, सेक्टर 5 के पीछे, देवेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
Call: 9300 37 37 37

**खबर संक्षेप**

### कुलदीप निगम की पुण्यतिथि पर बुजुर्गों को बांटे फल, खाद्य सामग्री



**रायपुर।** प्रेस क्लब रायपुर के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पत्रकार एवं समाजसेवी स्व. कुलदीप निगम की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर माना कैंप रायपुर स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को चरण पादुका, फल एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांग बालगृह (बालक), बाल जीवन ज्योति बालिका गृह माना कैंप में निवासरत बच्चों को भी फल के साथ चिप्स, कुरकुरे और चॉकलेट वितरित किए गए। यह जानकारी वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निगम देते हुए बताया कि वृद्धाश्रम परिसर, बालगृह और स्व. निगम के पैतृक गांव नर्रा स्थित शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और स्व. निगम द्वारा किए गए कार्यों को याद भी किया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार निगम, बिमल घोषाल, राजेंद्र निगम, प्रीति निगम, आशीष निगम, अभिषेक सिंह, श्वेता सिंह, पारुल चक्रवर्ती, काजल दास के साथ सभी संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वर्ण मंदिर अमृतसर में डॉ. सोलंकी का सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी को अमृतसर स्थित पवित्र स्वर्ण मंदिर परिसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (एसजीपीसी) द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सिख इतिहास के महान बलिदानों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने के लिए चलाए गए अभियान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. सोलंकी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने मुगलों के अत्याचारों के विरुद्ध धर्म की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की वीरता, त्याग और बलिदान को सम्मान देने के लिए "वीर बाल दिवस" को शासकीय आयोजन के रूप में मनाने की मांग को एक सशक्त जनआंदोलन का रूप दिया। इस मुहिम के अंतर्गत उन्होंने शासन की स्वीकृति मिलने तक निरंतर प्रयास जारी रखे। विदित हो कि वर्ष 2020 में डॉ. कुलदीप सोलंकी ने छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के तत्वावधान में भारत सरकार से चार साहिबजादों के सम्मान में "वीर बाल दिवस" मनाए जाने की मांग की शुरुआत की थी।

### विकास बने एबीवीपी के प्रदेशाध्यक्ष, सोनी प्रदेश मंत्री



**रायपुर।** विकास पांडेय को एबीवीपी का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं अनंत सोनी को सत्र 2025-26 के लिए प्रदेशमंत्री निर्वाचित किया गया है। यह घोषणा आज अभाविप छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय से की गई। निर्वाचन अधिकारी डॉ.शैलेश द्विवेदी द्वारा के अनुसार, उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। दोनों पदाधिकारी दिनांक 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत के 58वां प्रदेश अधिवेशन में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। भिलाई में यह प्रांत अधिवेशन होगा। विकास पांडेय गुरु घासीदास विवि सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है। वहीं अनंत सोनी सरगुजा जिला के विद्यार्थी विस्तारक हैं।

# छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों की समस्याओं का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से सम्पादित की गई है। भर्ती प्रक्रिया में प्राप्तांक जानकारी को लेकर लोगों ने मांग की थी, जिसे पूरा करते हुए सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक सार्वजनिक कर दिए गए हैं। कोई भी अभ्यर्थी किसी भी जिले के अभ्यर्थी के प्राप्तांकों का वेबसाइट पर जा कर अवलोकन कर सकता है। विभाग द्वारा इसके लिए क्यूआर कोड भी जारी किए गए हैं, जो सीधे रिजल्ट पोर्टल तक गाइड करते हैं।

उन्होंने एक अभ्यर्थी के कई स्थानों पर चयन को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान करते हुए बताया कि विभाग द्वारा पूर्ण रूप से खुली प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करते हुए किसी भी जिले से अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा देने की अनुमति दी थी। कई अभ्यर्थियों द्वारा 1 से अधिक स्थानों पर शारीरिक परीक्षा देकर उत्तीर्ण की गई थी। जिस पर एक ही परीक्षा ली गयी ऐसे में लिखित परीक्षा के अंकों को सभी जिले जहां अभ्यर्थी द्वारा शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण की गई थी वहां उन्हें अंक जोड़कर सुविधा दी गयी, परन्तु यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अभ्यर्थी का चयन केवल एक स्थान पर ही होगा और अन्य स्थानों पर प्रतीक्षा सूची से युवाओं का चयन प्रावीण्यता सूची के अनुसार चयन कर लिया जाएगा।

## 19 एवं 20 दिसम्बर को एडीजी करेंगे शिकायतों का निवारण

### शिकायत निवारण हेतु खुला मंच, एडीजी सुनेंगे शिकायतें

शिकायतकर्ताओं को सीधे अपनी बात रखने के लिए खुला मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग के प्रशासन एवं एडीजी एसआरपी एसपी कल्लूरी ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी की शिकायत है, तो वे सबूतों के साथ उनसे सीधे पुलिस मुख्यालय रायपुर में 19 एवं 20 दिसंबर को मुलाकात कर सकते हैं। पुलिस आरक्षक भर्ती से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले भी युवाओं की शिकायतों के निवारण के लिए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों द्वारा 12 से 14 दिसम्बर तक अपने कार्यालयों में शिकायतों के निदान के लिए रोजाना शिकायतें प्राप्त की थीं।

### 5,967 पदों के लिए हुई थी परीक्षा




एडीजी श्री कल्लूरी ने बताया कि पुलिस आरक्षक भर्ती में कुल 5,967 पदों के लिए लगभग 7 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 9 दिसंबर को घोषित किया गया था। किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति या शिकायत है, तो उसे सुना जाएगा और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### 21 दिसंबर को गृह मंत्री करेंगे मुलाकात

भर्ती को लेकर युवाओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अपना मंच सभी के लिए खोलते हुए कहा कि ऐसे सभी युवा जिन्हें भर्ती प्रक्रिया के संबंध में समस्या है वे उनके रायपुर स्थित निवास कार्यालय में 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उनसे मुलाकात कर सकते हैं।

## रोकने पर पिस्टल दिखाकर डराने लगा, आरोपी गिरफ्तार

# तेज रफ्तार कार ने कई दुकानों की सामग्री को ठोकर मार कर किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में गुंडागर्दी किस कदर बढ़ गई है, इसका ताजा उदाहरण सोमवार देर रात को बैजनाथपारा में देखने को मिला। इस बाजार से एक तेज रफ्तार गुजर रही कार ने पहले कुछ दुकानों के बाहर रखे सामान को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद व्यापारियों ने जब कार को रोककर हर्जाना मांगा, तो उन पर पिस्टल तान दी। कार चालक की इस दबंगई को देखते हुए लोग आक्रोशित हो गए और उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी की कार जब्त करते हुए उसके कब्जे से एमडीएमए, पिस्टल, जिंदा कारतूस, नकदी रकम, आई फोन जब्त किया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में आरोपी द्वारा दुकानों के सामान को कार से ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने जैसी घटना का खुलासा नहीं किया है, जबकि इस घटना का सोशल मीडिया में विडियो भी वायरल हुआ है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 1 बजकर 50 मिनट पर बैजनाथपारा की बाजार गली से एक ब्लैक कार तेज रफ्तार से गुजरी। यह कार आरोपी राहुल ठाकुर 29 वर्ष निवासी खोखोपारा पुरानी बस्ती चला था। कार इतनी तेज थी कि बाजार में खुली कुछ दुकानों के बाहर रखे सामान को ठोकर मार दी, जिससे दुकानदारों को नुकसान भी हुआ है। इस घटना के दौरान दुकानदारों ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने भागने का प्रयास किया। इस बीच एक व्यक्ति ने उसकी कार का कांच पत्थर मारकर तोड़ दिया। इसके बाद राहुल ने कार रोकी और अपने पास रखी पिस्टल निकालकर लोगों को डराने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने घेरकर उसे ही पकड़ लिया और कार में तोड़फोड़ कर दी। लोगों ने इसके बाद पुलिस को सूचना देकर आरोपी को उसके हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से आरोपी के कब्जे से पिस्टल एवं 4 जिंदा कारतूस के साथ उसकी कार से एमडीएमए, आईफोन एवं नकदी रकम बरामद किया है।

### 6 गाड़ियों को मारी टक्कर कई बाल-बाल बचे

इस घटना के दौरान राहुल ने अपनी कार से करीब आधा दर्जन गाड़ियों को भी टक्कर मारी है, जिससे कई गाड़ियों को नुकसान भी पहुंचा है। सूत्रों के अनुसार कार की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि इस घटना में कई लोगों की जान भी जा सकती थी।

### हत्या का प्रयास-मारपीट के मामले में पूर्व में जेल जा चुका है आरोपी

पुलिस के रिकार्ड के अनुसार राहुल ठाकुर पूर्व में भी जेल जा चुका है। वर्ष 2015 में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में उसने एक व्यक्ति की हत्या करने की कोशिश की थी, वहीं वर्ष 2019 में एक ढाबा में उसने एक व्यक्ति की जमकर पिटाई की थी। इस मामले में कोतवाली थाने में केस दर्ज हुआ था।

### नहीं है यूथ कांग्रेस का सदस्य

वहीं यूथ कांग्रेस ने बयान जारी कर कहा है कि राहुल ठाकुर का वर्तमान में युवा कांग्रेस से कोई भी संबंध नहीं है। मीडिया विभागाध्यक्ष तुषार गुहा ने कहा, राहुल ठाकुर को उनकी लगातार निष्क्रियता एवं संगठनात्मक अनुशासनहीनता के कारण राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन से निष्कासित किया जा चुका है। यह निष्कासन दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को औपचारिक रूप से किया गया था। वर्तमान में राहुल ठाकुर न तो युवा कांग्रेस के किसी पद पर है और न ही संगठन के सक्रिय या निष्क्रिय कार्यकर्ता के रूप में जुड़ा है।

## ट्रैफिक चालान के नाम पर लूट, शहर कांग्रेस ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक चालान के नाम पर आम नागरिकों से की जा रही मनमानी वसूली के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में ट्रैफिक पुलिस द्वारा 500, 1000, 5000 रुपये तक के चालान बिना स्पष्ट नियम, चेतावनी बोर्ड एवं समुचित यातायात व्यवस्था के काटे जा रहे हैं। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार ट्रैफिक चालान से वसूली की राशि 30 करोड़ 55 लाख रुपये तक पहुंच गई है। यह दर्शाता है कि सरकार सड़क सुरक्षा से अधिक राजस्व वसूली पर ध्यान दे रही है। कांग्रेसियों ने मांग की कि चालान काटने से पहले सड़कों की मरम्मत, चौराहों की व्यवस्था, साइनेज व चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं तथा नियमों को स्पष्ट किया जाए। एकतरफा दमनात्मक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा सरकार की नीयत सड़क सुरक्षा नहीं, बल्कि आम जनता से करोड़ों की वसूली करना है। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

### ये थे मौजूद

इस दौरान प्रमोद दुबे, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, सुरेश ठाकुर, राम साहू, दिपा बग्गा, बकर अब्बास, शिरीष अवस्थी, योगेंद्र सोलंकी, बबीता नत्थानी, ईश्वर चक्रधारी, कमलेश नथवानी, आकाश दीवान, सत्तू सिंह, बसंत पटेल, अमित कुमार, प्रदीप देवांगन, फहीम ख़ान, आसु भाई, सुशांत डे, महेंद्र सेन, राधे नवीन, लाजरिस, गावेश साहू, गोलू भींसरा, दानीराम साहू, मोहसिन ख़ान, कमल धृतलहरे, संतोष जैन और राज देवांगन सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## सेल्स टैक्स कालोनी में सप्ताहभर से गंदा पानी, बदबू भी आने लगी, लीकेज ट्रेस करने में लग गए तीन दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अवंति विहार कालोनी के पास स्थित सेल्स टैक्स कालोनी में सप्ताहभर से में गंदा पानी आने से लोग परेशान हुए। करीब 25 घरों में यह स्थिति रही कि लोग बोरवेल या फिर कैन से पानी खरीदकर काम चलाते रहे। लोगों की शिकायत पर जल विभाग की टीम ने स्पॉट पर जाकर तीन दिनों तक लगातार पाइप लाइन लीकेज ट्रेस किया, पर लीकेज ढूंढ नहीं पाए। सोमवार सुबह सप्लाई लाइन से गंदे पानी के साथ बदबू आना शुरू हो गया। पाइप लाइन ट्रेस करने के दौरान पता चला कि ढेबर पिंक सिटी के पास 2 जगह पाइप लाइन डेमेज हुआ है, यही नहीं सप्लाई लाइन में नाली का पानी आ रहा है। निगम की टीम ने पाइप लाइन बदलकर गंदा पानी आने की समस्या दूर की।

दरअसल, अवंतिविहार पानी टंकी से सेल्स टैक्स कालोनी को जल आपूर्ति की जाती है। यह टंकी जोन 9 कमिश्नरी क्षेत्र में है, और कालोनी का एरिया जोन 3 कमिश्नरी में आता है। नागरिकों की शिकायत के बाद शुरूआती पड़ताल में कुछ जगहों पर नाली के करीब पाइप लाइन में लीकेज पाया गया। जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि चूंकि संबंधित एरिया में निकास नाली कवर्ड है इसलिए पाइप लाइन लीकेज ट्रेस नहीं हो रहा था। 3 दिनों तक निगम की टीम पाइप लाइन लीकेज ढूंढती रही। जहां लीकेज मिला वहां पाइप लाइन छिपा हुआ था और पाइप पूरी तरह सड़ गया था। उस पाइपलाइन को बदल दिया गया है। भावना विहार के पास पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत कार्य पूरा हो गया है। इसके बाद सेल्स टैक्स कालोनी पाइप लाइन लीकेज का पता लगाकर मरम्मत कराई गई है।

- ढेबर पिंक सिटी के पास 2 जगह पाइप लाइन डेमेज, सप्लाई लाइन में नाली का पानी, बदला गया पाइप
- अवंति विहार पानी टंकी से जल आपूर्ति

## पेंशन में दिक्कत, कृषि विवि के पेंशनरों ने राज्यपाल-मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- इंदिरागांधी कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्राध्यापक परेशान
- पेंशन के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे प्राध्यापकों को पेंशन के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है। पेंशन भुगतान में विश्वविद्यालय प्रशासन ने अड़ंगा लगा दिया है। इसके कारण उन्हें पेंशन की पूरी राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। सेवानिवृत्त प्राध्यापकों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। साथ ही पेंशन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की है।

इंदिरागांधी कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पेंशन एवं उपादान संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन और लेखा नियंत्रक पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। संघ के अध्यक्ष एनके चौबे ने कहा है कि पेंशन संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए कुलपति से कई बार अनुरोध किया गया, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। सेवानिवृत्त प्राध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पेंशन और ग्रेजुएटी के भुगतान के लिए गुहार लगाई। ज्ञापन में इस बात से अवगत कराया गया कि 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति के बाद 62 वर्ष के आधार पर आडिट के बाद पेंशन एवं ग्रेजुएटी आदेश जारी किए गए। अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 तक सेवानिवृत्त हुए प्राध्यापकों को सिर्फ 90 फीसदी अंतरिम पेंशन स्वीकृत आदेश पर जारी आपत्ति लगाई गई है, जबकि पेंशन नियमों के परिपालन के लिए 90 फीसदी अंतरिम पेंशन के साथ 90 फीसदी ग्रेजुएटी देने का प्रावधान है।

संघ का कहना है कि विश्वविद्यालय के परिनियम 1987 में परिभाषित अध्यापक की परिभाषा को लेखा नियंत्रक एवं विश्वविद्यालय प्रशासन अमान्य कर रहे हैं। पेंशन नहीं मिलने के कारण सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासन की तरह विश्वविद्यालय से पेंशन कंप्यूटेशन मांगने पर किसी भी कर्मचारी को नहीं दिया जा रहा है। पेंशनरों ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि पेंशन एवं ग्रेजुएटी के समय पर भुगतान करने विश्वविद्यालय प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं।



### दूसरे दिन जारी रहा प्रदर्शन

**रायपुर।** नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत तीसरे चरण के द्वितीय दिवस मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के परिसर में नर्सिंग संवर्ग द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर नारेबाजी की तथा अपनी मांगों के समर्थन में शासन- प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया। बताया गया है कि मई 2018 में नर्सिंग संवर्ग द्वारा किए गए प्रदेश स्तरीय आंदोलन के दौरान कई कर्मचारियों को दो दिनों तक जेल में रखा गया था। उस समय शासन द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर मांगें पूर्ण करने का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया गया था। समिति ने तीन माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी, किंतु 30 जून 2021 को बिना किसी कारण बताए उक्त रिपोर्ट को अमान्य कर दिया गया।

### स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा के अंतिम परिणाम और नतीजे जारी कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य सेवा संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। 9 नवंबर को आयोजित इस भर्ती परीक्षा के लिए मंगाए गए दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम परिणाम व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए हैं।

### पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनीज पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन 17 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। विद्युत कंपनियों से सेवानिवृत कर्मचारी और अधिकारी आज राजधानी में जुटेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्याओं, अनुभव और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना है। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, सेवानिवृत कर्मचारी एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे। मुख्य अभियंता विनोद कुमार अग्रवाल, पीएन सिंग, वीके खरे, सुनील ओक, मोहन अंती बतौर अतिथि शामिल होंगे।

## स्वच्छता दीदियों के मानदेय के लिए 93.60 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

राज्य शासन ने प्रदेशभर के विभिन्न नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों के सालभर के मानदेय के लिए 93 करोड़ 60 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंगलवार को मंत्रालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं।

राशि की स्वीकृति से राज्य के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में काम कर रही 9750 स्वच्छता दीदियों के 30 सितम्बर 2026 तक का मानदेय सुनिश्चित हो गया है। राज्य शासन ने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत कार्यरत कुल 9750 स्वच्छता दीदियों के लिए आठ हजार रुपए प्रति माह के मान से 93 करोड़ 60 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति मद से भुगतान किए जाने की स्वीकृति दी है। इस राशि से स्वच्छता दीदियों को 1 अक्टूबर 2025 से 30 सितम्बर 2026 तक मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411